आज से लगभग पचास वर्ष पहले प्रख्यात चेक लेखक कार्ल चैपेक ने अपने प्रसिद्ध नाटक 'आर० यू० आर०' मे जिस मशीनी दुनिया को अपनी कल्पना की निगाह से देखा था वह सच बनकर हमारे सामने आ रही है। आज मशीनी कम्प्यूटर की मदद से मानव चाद पर कदम रख रहा है। यन्त्र मानव रोबो अनुवाद कर सकते हैं और कविता भी। इन मशीनो मे और इसानी दिमाग मे बहुत कम अन्तर रह गया है। 'दूसरा पुरुष दूसरी नारी' उपन्यास कार्ल चैपेक के मशहूर नाटक पर आधारित है और सौ वर्ष बाद आने वाले जीवन की कल्पना करता है।

(उपन्यास की भूमिका से)

# दूसरा पुरुष दूसरी नारी

कृश्न चन्दर

# दूसरा पुरुष दूसरी नारी

पहला संस्करण 1970, © कृश्न चन्दर

रूपाभ प्रिंटर्स, शाहदरा, दिल्ली, में मुद्रित

DOOSARA PURUSH DOOSARI NARI (Novel) by Krishan Chandar

## दो शब्द

आज से लगभग पचास वर्ष पहले प्रख्यात चेक लेखक काल चैपेक ने अपने प्रसिद्ध ड्रामे 'आर०यू०आर०' में जिस मशीनी दुनिया को अपनी कल्पना की निगाह से देखा था वो आज सच बनकर हमारे सामने आ रही है। आज मास्को के बाज़ारों में मशीनी सिपाही पहरा देते हैं। मशीनी कम्प्यूटर की मदद से मानव चाँद पर कदम रख रहा है। ऐसे 'रोबो' बनाए जा चुके हैं जो अनुवाद कर सकते हैं और कविता भी। अब इन मशीनों में और इन्सानी दिमाग में बहुत कम अन्तर रह गया है। 'दूसरा पुरुष दूसरी नारी' उपन्यास काल चपेक के मशहूर ड्रामे पर आधारित है और सौ वर्ष बाद आने वाले जीवन की कल्पना करता है।

— कृश्न चन्दर

# दूसरा पुरुष दूसरी नारी

सन् १९९५ तक चाद पर इसान ने बहुत-सी बस्तिया बना डाली थी। यह बस्तियां उन ज्वालामुखी पवता की चोटियो के गडढा मे तैयार की गई थी जिनमे अब लावा निकलना बद हो चुका था। हर चोटी के ऊपर, चद्रमा पर होनेवाले उल्कापात से बचने के लिए न टूटनेवाले काच या प्लास्टिक का गुबज खडा किया गया था। इस गुबज की लबाई, चौडाई और ऊचाई ज्वालामुखी पवत की चोटी के अनुपात से तैयार की जाती थी। क्रेटर इरमास का व्यास छह मील का था, और इस गुबज के अदर छह हजार इसान रहते थे। इस गुबज के अदर भीतरी चट्टाना को दबाकर उनसे जल प्राप्त किया गया था, तथा कृत्रिम वायुमडल तयार किया गया था, जिसमे इसान सास ले सकते थे। गदी हवा बाहर निकालने का भी इतजाम था। इस गुबज के नीचे बिल्डिगें थी और पेड जिनके पत्तो पर प्लास्टिक के गिलाफ चढा दिए गए थे। पाक, सिनेमा, स्कूल, कालेज बना दिए गए थे और खानें खोद ली गई थी। खाना से बेशुमार सोना-चादी और हीरे-जवाहरात और दूसरी धातुए निकालकर धरती को भेजी जाती थी। इन गुबजा से बाहर निकलना अब भी खतरे से खाली न था, क्योकि चद्रतल

के चारो ओर धरती के समान वायुमडल बनाने के सारे प्रयत्न विफल हो चुके थे।

फिर भी चद्रमा पर मनुष्यो की आबादी तेजी से बढ रही थी, क्योंकि चाद के अदर चट्टानो के नीचे बेशुमार बहुमूल्य धातुओ की खानें खोज निकाली गई थी जिन्हें बडे बड राकेटो द्वारा पृथ्वी तक पहुचाया जाता था। कभी-कभी कोई दुघटना भी हो जाती थी। कोई राकेट किसी गिरती हुई उल्का से टकराकर चर चर हो जाता। किंतु ऐसी दुघटनाए कम ही होती थी।

फ्रेटरो पर जो प्लास्टिक के गुबज बनाए गए थे, वह इस कदर मजबूत थे, कि चद्रतल पर रात दिन होनेवाले सामान्य उल्कापात से उस प्लास्टिक को कोई क्षति नही पहुचती थी और अगर कभी कोई बडा उल्कापात होता और मजबूत प्लास्टिक को तोडने म सफल हो जाता, तो फौरन इसके नीचे का तहदार प्लास्टिक का टुकडा स्वचालित यत्रो द्वारा फैलता हुआ क्षण-भर मे इस दरार को ढक देता। इसानी आबादी की सुरक्षा के लिए हर गुबज सात पर्तों का तैयार किया जाता था, ताकि अगर एक पत टूटे तो दूसरी पत फौरन उसकी जगह ले ले और इसलिए भी कि गुबज के भीतर का वायुमडल शून्य म बिखरकर इसानी बस्ती के लिए खतरा न पदा कर दे।

लेकिन सन् २२४० म १६ अगस्त के दिन अचानक मरखन नामक पुच्छल तारे से इतनी बडी बडी उल्काए टूट टूटकर चद्रतल पर गिरी कि जिन्होने न केवल फ्रेटर डरमास के गुबज को तोड डाला बल्कि दूसरे सैकडो गुबजो को तहस-नहस कर डाला। अचानक एक दिन म एक ही दुघटना मे चद्रमा पर गुबजो के नीचे कृत्रिम वायुमडल मे रहने वाली दो तिहाई इसानी आबादी नष्ट हो गई। केवल कुछ हजार लोग बचे, जो खानो के अदर आक्सीजन के नकाब पहने हुए काम कर रहे थे। बडी मुश्किल से उन्हे हवाई राकेटो द्वारा चद्रमा की सतह से बचाकर वापस धरती पर

लाया गया। फिर अगले बीस वर्ष तक किसी इंसान की चंद्रमा पर जाने की हिम्मत न हुई।

मगर चंद्रमा के भीतर बहुमूल्य धातुओं की खानों की लालच बार-बार मानवी आकांक्षा को उकसाता था। सन् २२६२ में तीन वैज्ञानिक प्रोफेसर जावेद मलिक आदि नकली इंसान बनाने में सफल हो गए। इससे पहले विभिन्न धातुओं की सहायता से तरह तरह के कम्प्यूटर और रोबो बनाए जा चुके थे, जो मनुष्य के बहुत से काम कर सकते थे, लेकिन इन मशीनों की निर्माण-क्षमता बहुत कम थी, इनका आकार भी बहुत बड़ा था और इनकी तैयारी में लाखों रुपये खर्च होते थे।

प्रोफेसर घोष, प्रोफेसर पाटिल तथा प्रोफेसर जावेद मलिक ने एक ऐसा नकली इंसान तैयार किया जिसपर केवल बीस हजार रुपये लागत आती थी। इनके आविष्कार की धूम सारी दुनिया में मच गई। इस वक्त तक धरती पर एक संघीय सरकार कायम हो चुकी थी, जो विभिन्न देशों और राष्ट्रों को एक नई व्यवस्था में बांधती थी। इस सरकार की राजधानी तेहरान में थी, इस सरकार का अध्यक्ष कीनिया का प्रसिद्ध वैज्ञानिक और रसायन विद्या पर असाधारण अधिकार रखनेवाला जारेत बनियान वोडामा था। वोडामा के हुक्म से अमरीका के प्रख्यात प्रोफेसर जेक यगसाइड और नार्वे से प्रोफेसर हायडिन और इंडोचाइना के प्रोफेसर ओपी माह को प्रोफेसर घोष, पाटिल और जावेद मलिक के साथ नकली इंसान पर काम करने की अनुमति दे दी गई। भारत सरकार के आदेश से, अंडमान द्वीप पर, धरती के नीचे मीलों तक अंदर फैले हुए एक विशाल तहखाने में नकली इंसानों की फैक्टरी बनाने का इंतजाम किया गया। इन वैज्ञानिकों की कोशिशों से न सिर्फ बेहतर किस्म के नकली इंसान तैयार होने लगे बल्कि इनकी लागत में भी कमी हुई। अब केवल सात हजार रुपये में एक ऐसा नकली इंसान तैयार कर लिया गया था जो बीस वर्ष तक एक कारखाने

मे बिना खाए पिए और किसी तरह का वेतन लिए काम कर सकता था।

नकली मनुष्य के आविष्कार से कुछ वर्षों मे सारे विश्व मे एक नई औद्योगिक क्रांति आ गई, जिसने कम्प्यूटर, गेवा और असली इसानी मजदूरा के महत्त्व को बडे बडे कारखानो के लिए बहुत कम कर दिया था। बडे-बडे कारखाने वाला ने असली इसानो को, जो ट्रेड यूनियन बनाते थे और हडतालें करत थे और दगा फसाद करते थे, नौकर न रखकर इनकी जगह अडमान की फैक्टरी को नकली इसान बना कर देने के आडर देने शुरू कर दिए, जिससे नाफ फैक्टरी (नकली इसान फैक्टरी) के लाभ में हर साल दस अरब का मुनाफा होने लगा और दुनिया के चारा कोनो से लोग दूर दूर से इस फैक्टरी को देखने के लिए आने लगे। मगर फैक्टरी के दरवाज़े हर ऐरे-गैर के लिए नही खुलते थे। बहुत ही सम्मानित लोगा को, और वह भी विश्व सरकार के अध्यक्ष और भारत सरकार के विशेष सिफारिश से फैक्टरी के कुछ विभाग दिखाए जाते थे। मगर फैक्टरी का वह भाग जहा नकली इमान तयार होते थे, किसी को न दिखाया जाता था और नकली इसान बनाने का फार्मूला भी बिल्कुल सबसे अलग छिपाकर एक बडे सेफ म रख दिया गया था, जिसका ताला प्रोफेसर अजयकुमार घोष के सिवा और कोई न खोल सकता था।

अब चद्रमा पर भी असली इसाना की जगह नकली इसा भेजे जाने लगे। और सही अर्थों में अब चाद धरती के रहनेवाला का उपनिवेश बन गया। हजारा नई खानें खोज निकाली गइ, जिनमे नकली इमान काम करने लगे। दिन प्रतिदिन चाद पर इसानी आबादी बढने लगी और सन् २२६० मे चाद पर नकली इसाना की आबादी बढत बढते सत्रह लाख तक जा पहुची। इन नकली इसाना को न भोजन की आवश्यकता थी, न किसी वायुमडल की, न आक्सीजन की, न किसी आकाक्षा की। यद्यपि यह नकली व्यक्ति दिन मे बारह घण्टे काम करने के पश्चात् बेकार हो जात थे और

उन्हे कुछ घण्टे आराम करने दिया जाता था, ताकि उनके अदर की मशीनरी जो लगातार बारह घण्टे काम करने से गम हो जाती थी फिर से ठडी हो जाए। चाद पर ही नकली इसानो की मरम्मत करने की फैक्टरिया और गैरेज खोल दिए गए थे, और खयाल था, कि चाद की तह मे जाकर चाद का कोई ऐसा कोना न बचेगा, जहा नकली इसान काम करते हुए न मिलेंगे।

सन् २२६६ ई० मे इक्कीस अप्रैल के दिन धरती के माननीय अध्यक्ष वोडामा की लडकी सीमा सोलह वष की हो गई, और इस शुभ अवसर पर इसके पिता ने अपनी लडकी से पूछा, कि वह इस दिन के लिए कौन-सा उपहार पसद करेगी।

सीमा ने जवाब दिया, "मैं नकली इसानो की फैक्टरी को देखना चाहती हू।"

वोडामा ने उसी वक्त एक बटन दबाकर अपन निजी सटेलाइट द्वारा भारत सरकार से बात की। भारत सरकार ने प्रोफेसर अजयकुमार घोप से सिफारिश की, कुछ मिनटो मे सीमा के लिए फैक्टरी देखने की स्वीकृति आ गई और उसी दिन माननीय अध्यक्ष वोडामा के निजी राकेट पर बैठकर सीमा तीसरे पहर अडमान द्वीप मे फैक्टरी देखने के लिए पहुच गई।

तहखाने के दरवाज़े पर गाड ने सीमा का प्रवेश पत्र चेक किया। फिर अदर टेलीफोन किया। टेलीफोन से स्वीकृति का जवाब आन पर सीमा के लिए तहखाने की फैक्टरी के दरवाज़े खोल दिए गए और सीमा एक लबे बरामदे मे दाखिल हो गई।

## २

बरामदे से निकलकर सीमा एक विशाल पाक मे पहुच गई। ऊची स्फटिक छत से दजनो झाड लटक रहे थे। यह पाक एक प्रकार का काच घर था, जिसके अदर एक बडा वाग लगाया गया था और धरती की सतह के ऊपर जो फल-फूल, पेड और सब्जिया उगती हैं, वह यहा पर कृत्रिम जल वायु से उगाई जाती थी।

पाक के लौह द्वार पर गाड न सलामी देते हुए सीमा को एक नौजवान के सुपुर्द किया, *वह रूप रग से अत्यत सुदर और चेहरे से बडा प्रभावशाली* मालूम होता था।

उसने सीमा की तरफ हाथ वढाके उससे हाथ मिलाते हुए एक जग-मगाती हुई मुस्कराहट से कहा, "मेरा नाम नरेंद्र घोष है। मैं प्रोफेसर अजयकुमार का बेटा हू और इस फैक्टरी मे एक वैज्ञानिक हू। मैं नाफ फैक्टरी' की ओर से माननीय अध्यक्ष की लडकी मिस सीमा वोडामा के स्वागत के लिए भेजा गया हू। आपका हार्दिक स्वागत है।"

"थैंक यू।" मिस सीमा ने उस रूपवान नौजवान से हाथ मिलाते हुए उसे सिर से पाव तक देखते हुए कहा, "आप बहुत स्वस्थ तथा चाक चौबद मालूम होते हैं।"

'मैं आज तक कभी बीमार नही हुआ। फैक्टरी के भीतर विज्ञान की सहायता से जो वायुमडल पैदा किया गया है उसमे किसी प्रकार के बीमार करने वाले कीटाणु नही पाए जाते, इसलिए इस फैक्टरी के अदर काम करने वाले कभी बीमार नही होते।"

"तो इसका मतलब यह है" सीमा ने आश्चयचकित होकर पूछा, "इस फैक्टरी के लोग कभी अपने तहखाने से बाहर नही जाते, क्योकि अगर वह बाहर जाएगे, तो उन्हे बाहर के वायुमडल म सास लेना पडेगा,

जिसमे हर प्रकार के रोग के कीटाणु पाए जाते है।"

नरेंद्र घोष ने मुस्कराकर कहा, "मिस सीमा, आप रूपवती ही नही बुद्धिमती भी हैं।"

सीमा इस बात पर शरमा-सी गई।

नरेंद्र घोष ने अपनी बात जारी रखी, "आप ठीक कहती है। इस फैक्टरी मे काम करने वाले कभी इस तहखाने से बाहर नही जाते। उन्हे इसकी अनुमति नही है, और आवश्यकता भी नही है। इस मीलो तक फैले हुए तहखाने के भीतर बेहतर से बेहतर जिंदगी के सुख-चैन के लिए जरूरी सब सामान उपलब्ध है। यह सुदर पार्क जो आप देखती हैं, यह फैक्टरी के चारो तरफ फैला हुआ है।"

"इस फैक्टरी मे कितने आदमी काम करते हैं?" सीमा ने नरेंद्र के साथ-साथ चलते हुए पूछा, "मेरा मतलब नकली इसानो से नही है।"

नरेंद्र हसा। अब वह दोनो एक फव्वारे के निकट से गुजर रहे थे, जिसके चारो ओर एक सुदर चबूतरा बना हुआ था। उस चबूतरे पर पाव रखकर नरेंद्र बोला, "इस फैक्टरी मे कुल दस आदमी काम करते है।"

'कुल दस आदमी?" सीमा ने विस्मित होकर पूछा।

"हा, कुल दस आदमी।"

"और दस आदमी साल मे कितने नकली इसान तैयार करते है?'

"साठ लाख।"

"साठ लाख नकली इसान? असभव।" सीमा आश्चय और सदेह से इकार मे सिर हिलाते हुए बोली।

"हमारी फैक्टरी पूरी तरह से ऑटोमेटिक है यानी सत्तानबे प्रतिशत ऑटोमेटिक केवल तीन प्रतिशत काम ऐसा है जो यह दस आदमी करते है। बाकी काम कम्प्यूटर मशीनें करती हैं।"

"इन दस आदमियो मे से छह तो पुराने प्रोफेसर हैं, जिनके नाम सारी

दुनिया मे मशहूर हैं," सीमा ने कहा, "बाकी चार कौन हैं ?"

"एक तो मैं हू। मैं नक्ली इसानों की जिल्द बनाने का माहिर हू, मगर अपनी सारी महारत के बावजूद मैं यह कह सकता हू, कि मैं ऐसी स्वच्छ जिल्द तैयार नही कर सकता जैसी आपके चेहरे की है। आपकी सूरत ऐतिहासिक मलिका शेबा से कुछ-कुछ मिलती है।"

सीमा ने किसी कदर लज्जा से झिझकते हुए पूछा, "आपने अपना नाम क्या बताया ?"

"मेरा नाम तो नरेंद्र घोष है, पर यहा सब लोग प्यार से मुझे बादल कहते हैं।"

"बादल, वाकई प्यारा नाम है," सीमा बोली, "मगर ताज्जुब होता है कि बादल नाम रखने वाले नौजवान ने आज तक सचमुच के बादल नही देखे सूरज को चमकते नही देखा, चद्रमा को छिटकते नही देखा, साध्य-गगन की लालिमा नही देखी, उस गहरे सन्नाटे को महसूस नही किया, जो गहरी होती हुई शाम के सायो मे किसी समुद्री तट के किनारे बैठकर महसूस होता है।"

"मुमकिन है, यह मेरी बदकिस्मती हो, मगर जो चीजें मैंने देखी नही जिनका मुझे एहसास नही, उनकी इच्छा भी नही। हा, इतना मैं सोच सकता हू आपको देखकर, कि अगर आपको कभी देखा न होता, तो प्रकृति की एक कलाकृति के दर्शन से वचित रह जाता।"

सीमा के गालो पर लाज की एक लालिमा दौड गई। फिर इन लाल कपोलो पर घनी लबी पलको की रात छा गई। कुछ क्षणो के पश्चात जब सीमा ने पलकें उठाकर बादल की ओर देखा, तो बादल को ऐसा लगा, जैसे उसके दिल के कोने-कोने में रोशनी के फव्वारे से उबलने लगे। इस तरह उसने कभी महसूस नही किया था, और उसकी समझ म नही आ रहा था कि एकाएक यह क्या हो गया।

सीमा ने बात का रुख पलटते हुए कहा, "आपकी इस फैक्टरी मे कितनी औरतें काम करती हैं ?"

"एक भी नही।"

"एक भी नही ?" सीमा ने हैरत से पूछा।

"हा, एक भी नही। इन दस वैज्ञानिको मे, जो यहा काम करते हैं और जिनमे अब मेरा नाम भी शामिल कर सकती हैं, एक भी वैज्ञानिक औरत नहीं है।"

"यह क्यो ?"

"मेरे पिता प्रोफेसर घोष और उनके साथी ज़रा पुराने खयाल के आदमी हैं। उनका खयाल है कि औरत बहुत देर तक रहस्य छिपा नही सकती।"

सीमा ज़ोर-ज़ोर से हसने लगी। बोली, "आपके फैक्टरी के वैज्ञानिक बेहद दकियानूसी मालूम होते हैं। उन्हे क्या मालूम की आजकल की लडकियो के सीने मे इतने रहस्य सुरक्षित रहते हैं। जितनी अक्ल मर्दों के दिमाग मे नहीं होती।"

"मैं आपकी बात का यकीन कर सकता हू।" बादल बोला, "हालाकि मुझे औरत की अनुभूतियो और उसके मनोविज्ञान का कुछ इल्म नही है। मगर आइए, पहले मैं आपको फैक्टरी के भीतर ले चलू।"

"क्या आप मुझे पूरी फैक्टरी दिखाएगे ?" सीमा ने पूछा

'यह सवाल आपने क्यो पूछा ?" बादल ने जवाब मे सवाल किया।

'क्योकि इस फैक्टरी मे औरत के विरुद्ध इस कदर पूर्वाग्रह और अध धारणा पाई जाती है।"

'यह ठीक है कि पहले टूरिस्ट औरता को फैक्टरी दिखाई नही जाती थी। लेकिन कुछ वर्षों मे औरतो के लगातार विरोध करने पर फैक्टरी के

कुछ विभाग उन्हें दिखाए जाते हैं। लेकिन फिर भी फैक्टरी के कुछ भाग ऐसे हैं जो औरत तो क्या कोई मर्द टूरिस्ट भी नहीं देख सकता, लेकिन    "यहां तक पहुंचकर बादल रुक गया, और मुस्कराकर सीमा की तरफ गहरी निगाहों से देखते हुए बोला, "आप माननीय अध्यक्ष की  बेटी हैं। आप फैक्टरी के हर हिस्से को देख सकेंगी, सिवाय  उस सेक्शन के जिसमें नकली इंसान का *दिमाग तैयार किया जाता है।  इस सेक्शन का काम इस कदर गोपनीयता* से होता है कि मुझे भी वहां जाने की अनुमति नहीं है।  केवल  तीन वैज्ञानिक—दस में केवल तीन वैज्ञानिक—उस  सेक्शन में  जा सकते हैं।  एक मेरे पिता डाक्टर  घोष  दूसरे  प्रोफेसर  जावेद मलिक  जो  इलेक्ट्रॉनिक्स विशेषज्ञ समझे जाते हैं और तीसरे प्रोफेसर पाटिल। इनके अलावा दिमागी सेक्शन में किसीको जाने की अनुमति  नहीं है।  मुझे उम्मीद है  आप इस सेक्शन को देखने की ज़िद नहीं करेंगी।"

*"ठीक है, आपकी फैक्टरी के नियमों का आदर करना मेरे लिए ज़रूरी* है। चलिए  "

फव्वारे से दो  कदम  चलकर  सीमा  ने  सहसा 'अरे'  कहा और रुक गई। फिर अपना एक पांव उसी  चबूतरे  पर  रखकर कहने लगी,  'मेरी सैंडिल का बकल खुल गया है।"

वह अपने पांव की ओर झुकने लगी थी कि  बादल ने  फौरन  झुककर उसके सैंडिल का  बकल  अच्छी  तरह  से  कस दिया।  बकल कसते समय *उसकी नज़र सीमा के सुंदर टखनों पर पड़ी  जिनपर सोने की एक हल्की* सी झांझ पड़ी थी। उस समय उसने महसूस किया कि  सहारा लेने के लिए कुछ क्षणों के लिए सीमा ने अपना हाथ उसके कंधे पर रख दिया है।

फिर जब वह बकल ठीक करके सीधा  हुआ तो  सीमा ने अपना हाथ हटा लिया और धीरे से कहा *'थैंक यू !'"*

वह बादल के साथ-साथ चलने  लगी,  और  चलते चलते उसके पांव

की सुनहरी भाषा का सगीत एक मधुर मनमोहक लय की तरह बादल के दिल म गूजन लगा।

## २

बादल उसे सबसे पहले एकाउण्ट विभाग म ल गया। यहा तीन दीवारो से लगे लग तीन भयकर और दत्याकार कम्प्यूटर काम कर रह थे। दुनिया भर से नकली इसानो की जो बढती हुई माग आती थी और जितने नकली इसान इस फैक्टरी से भेजे जाने थे और उनसे सम्बधित जितनीर सौदे आनी थी, जितनी शिकायतें आती थी, जितना रुपया आता था, लागत पर जितना खच होता था, सबका हिसाब किताब यही पर होता था।

तीन कम्प्यूटरा पर तीन आदमी काम कर रहे थे। और दुनिया भर म जितनी नकली इसाना की सप्लाई होती थी, वह इही कम्प्यूटरा के द्वारा की जाती थी और अरबा-खरबा रुपये का हिसाब किताब कुछ मिनटो म इन कम्प्यूटरा के द्वारा हो जाता था।

बादल न सीमा को इन तीन आदमिया से मिलाया, "यह विलियम जेगर है जमनी के मशहूर कम्प्यूटर वैज्ञानिक।"

विलियम जेगर साठ साल का ब्राउन रग की दाढी वाला काला चश्मा पहने हुए आग बढा, और उसके मजबूत हाथो के स्पश को सीमा ने अनुभव किया। इस स्पश म गणित की सी अटलता थी।

दूसरा मनुष्य एक मिस्री वैज्ञानिक था। गोल मटोल और हर समय मुस्कराता हुआ, चालीस वप के लगभग उसकी आयु होगी। बिना फ्रेम का

चश्मा पहने हुए वह आगे बढा और उसने भी बडे तपाक से हाथ मिलाते हुए कहा, "मैं शेख मक्सूद हू ।"

तीसरा आदमी खाकी पतलून पहने और खुले कालर वाली खाकी कमीज पहने, जिसके ऊपर का एक बटन टूटा हुआ था, और जो अधिक से अधिक पैंतीस वर्ष का होगा, बहुत कसरती शरीरवाला मालूम होता था। उसके बाजुओ पर कलाई तक घने बाल थे और दाढी गालो से चिपकी हुई थी। जब वह चलता था तो उस पर चीते की चाल का गुमान होता था। उसने सलेटी रग की एक पगडी पहन रखी थी।

बादल बोला, "इनसे मिलिए, यह बलवत सिंह है, कम्प्यूटरो के माहिर समझे जाते हैं। वैसे दूसरे काम भी करते है। चद्रमा पर जितने कम्प्यूटर जाते हैं उनका हिसाब किताब यही रखते हैं।"

कम्प्यूटरो की रोशनिया कभी बुझती थी, जागती थी, कापती थी, कभी घर घर घर की आवाज आती थी। कभी अदर ही अदर मशीनी खटका होता, और कम्प्यूटरो के एक सिर से कागज का टाइप किया हुआ फीता निकलने लगता।

सीमा ने पूछा, "क्या मैं इस फीते को देख सकती हू ?"

"जरूर जरूर, क्यो नही ?" विलियम जेगर ने मुस्कराकर कहा।

सीमा ने फीता हाथ मे लिया, जो उसके हाथ मे लबा होता जा रहा था और एक फीडर मशीन मे धीरे धीरे घुसता चला जा रहा था।

सीमा ने पढा 'ग्रेटर काजी के लिए चद्रमा पर दो हजार नकली इसान तीन नबर वाले दरकार हैं, जल्द भेजो। माल की सप्लाई एक सप्ताह के अदर हो जानी चाहिए। फ्राटर रॉकेट नबर इक्यावन सप्लाई लेकर जाएगा।

डलास (अमरीका) के सबसे बडे 'हिल्टन ग्लोरिया होटल' के लिए पाच हजार वेटर टाइप नकली इसान भेजे गए थे। विकास जेट नबर

३४१ से दस नक्ली इसान वेटर टाइप की जगह मैनेजर टाइप के निकले। समझ म नहीं आता, यह गलती कैसे हुई? चेक! लुपट नीसा जेट फक्टरी पिटजबग के लिए पाच सौ इजीनियर टाइप नकली इसान, और दस हजार नबर चार टाइप नक्ली इसानो की आवश्यकता है। माल समुद्री जहाज गारिला फिटजीगर पर लदवा दिया जाए। डिप्टी मैनेजर फ्रिट्ज राइजान।

डबल काली टेक्सटाइल मिल के लिए तीन हजार नक्ली इसान नबर सात, मालगाडी नबर दो सौ। मान की कीमत अभी वसूल नही हुई चेक।

"क्या आप तरह-तरह के इसान बनाते हैं?"

"इसान नहीं, नकली इसान!" विलियम जेगर न कहा।

"सॉरी, मैं यही पूछना चाहती थी।"

"जी हा," जेगर न जवाब दिया, 'वैसे इन बाता के सम्बध म सही वनानिक जानकारी ता हमारी फैक्टरी के जनरल मैनेजर मिस्टर घोष ही बता सकेंग। परतु आपका प्रश्न साधारण ढग का है इसलिए इसका जवाब देने के लिए मुझे कोई ऐतराज नही है। नि सदेह हमे यहा विभिन्न उद्यागा के लिए विभिन्न प्रकार के मजदूरो की आवश्यक्ता पडती है। जो मजदूर टेलीविजन फैक्टरी म काम करता है, उसका काम और उसकी बुद्धि और उसकी अगुलियो की बनावट तक उस मजदूर से अलग होगी, जिसे टेक्सटाइल फैक्टरी म या मिट्टी ढान के काम पर लगाया जाएगा। फिर एक साधारण मजदूर नक्ली इसान और एक इजीनियर किस्म के नक्ली इसान की दिमागी हालत म अतर हाता है, यद्यपि हम बहुत अधिक बुद्धिमान किस्म के नक्ली इसान नही बनात। अधिकतर माग नबर चार, नबर पाच, नबर छह और सबसे आखिर मे तथा सबसे अधिक माग नबर सात किस्म के मजदूर टाइप के नक्ली इसान की है, जिसमें एक

आम इसान की सी सूझ बूझ हाती है, मगर जिसके हाथ पाव म साधारण इसान से दुगुनी ताक्त हाती है और यह नक्ली इसान कुछ खाए-पीए बिना तीस वप तक एक फैक्टरी म बिना किसी वेतन के काम कर सक्ता है।"

'मुझे हैरत है कसे यह नकली इसान जो असली इसान के इस कदर अनुरूप ह और इस क्दर उससे भिन ह थाप लोगा न तैयार कर लिया।"

इसका फामूला मिस्टर घोप के सफ म सुरक्षित है," शेग्न मक्सूद न क्हा।

"और पूरा फामूला सिफ दो आदमी जानते हैं ' बलवत सिह बोला, "एक मिस्टर घोप, दूमर प्राफेसर पाटिल। हम लोग तो यहा केवल हिसाब किताब रखन ह और हिसाब किताब रखनवाले कम्प्यूटरा की मरम्मत करते है, अगर उनम काई सरावी पैदा हो जाए।'

"मेरे दिमाग म इतन सवाल भरे हुए है, इतने सवाल उभर रहे है कि कि " सीमा कुछ ठिठककर हसी।

बादल ने उसका हाथ पकडकर मुस्कराकर कहा "यह डिपाटमट ता साधारण कम्प्यूटरा वाला विभाग ह जसा तुमन शायद तेहरान म भी देखा होगा।"

"कम्प्यूटर मैंन बहुत दखे ह।" सीमा बाली, 'लेकिन ऐसे भयकर दत्याकार कम्प्यूटर मैंने कही नही देखे। लगता है, किसी असाधारण नक्षत्र लाक की असाधारण सृष्टि हैं।"

"सिफ मनुष्य की सृष्टि है" बादल बोला, "अब चला, मैं तुम्ह अपने पिता जी के कमर मे ले चलता हू, बाद म फक्टरी दिखा दूगा। कायद से सब से पहले हम वही जाना चाहिए था, क्याकि तुम्हार दिल म जितन सवाल उभर रह ह उन सबका जवाब और उपयुक्त जवाब वही दे सकते हैं।"

सीमा ने धीरे से अपना हाथ बादल के हाथ से छुड़ा लिया, फिर उसके साथ चलने लगी। वह बादल के चेहरे पर उसके हाथ छुड़ाने के कारण फैलती हुई निराशा देख सकती थी। इससे उसे कोई प्रसन्नता नहीं हुई, जो साधारण लड़कियों को किसी पुरुष का हृदय जीतने पर होती है। वह इतनी सुंदर थी, और उसपर मोहित होनेवाले नौजवानों की संख्या इस कदर ज्यादा थी कि अब उसे अपनी सुंदरता के अनिर्वचनीय आकर्षण से प्रसन्नता की बजाय एक कोफ्त-सी होती थी।

अपने दिल के अंदर मैं एक साधारण-सी लड़की हूं। काश, कि कोई इस साधारण-सी लड़की से प्रेम कर सकता! सभी मेरे हुस्न पर मरते हैं।

सीमा और बादल जब एकाउंट विभाग से निकले तो दरवाजे के बाहर खड़े हुए दो चपरासियों ने उन्हें सलाम किया। सीमा ने एक मधुर मुस्कान से उन्हें सलाम का जवाब दिया। दोनों चपरासी बेहद रोबदार नजर आते थे। कद छह फुट से ऊपर निकलता हुआ।

"यह दोनों चपरासी कहां से आए हैं?" सीमा ने पूछा, "मुझे तो पंजाब के लगते हैं।"

"नहीं, इस फैक्टरी में तैयार किए गए हैं।"

"ये नकली इंसान हैं?" सीमा ने ठिठककर आश्चर्य से उन्हें देखा।

"हां, यह नंबर सात किस्म के नकली इंसान हैं। हमारी फैक्टरी में अधिकतर इन्हीं इंसानों की खेप तैयार होती है।"

"क्या मैं इन्हें छूकर देख सकती हूं?" सीमा ने पूछा।

'बेशक!" बादल ने जवाब दिया।

सीमा ने उनसे हाथ मिलाया, उनके बाजुओं की उभरती हुई मछलियों को टटोला, हंसकर बोली, 'मुझे बनाते हो, यह तो हाड़ मास के इंसान हैं।'

"नकली मास के,' बादल ने गंभीरता से कहा।

"मगर "

बादल ने अपने होठों पर उगली रखी। सीमा खामोश हो गई। एक लबे बरामदे म से गुजरते हुए बादल न धीरे से कहा, 'हम इन लोगों से अधिक बात नही करते, केवल हुक्म देते है।"

लबे बरामदे से गुज़रकर वे एक चौकोर हाल म पहुचे, जिसके चारो तरफ लिफ्टें लगी हुई थी। य लिफ्टें तहखाने के ऊपर की मजिलो को जाती थी। रोशनी और हवा का प्रबध बहुत बढ़िया था, और हर स्थान एयरकडीशड था।

लिफ्ट नबर ग्यारह के निकट पहुचकर बादल ने एक बटन दबाया। कुछ क्षणो के पश्चात् लिफ्ट नीचे आई। इसमे से वर्दी पहने एक लिफ्ट-मैन निकला। उसने विनयपूर्ण स्वर मे पूछा

'कौन-सी मज़िल ?'

'सत्रहवी," बादल ने जवाब दिया।

वर्दीपोश लिफ्ट मैन ने मुडकर एक बटन दबाया। इस लिफ्ट मैन के बडे-बडे गलमुच्छे थे और रग ताबे का सा था और आखें भूरी तथा माथा चौडा, जिसपर भूरे बाल पीछे को मुडे थे।

लिफ्ट मैन ने लिफ्ट के दोनो दरवाज़े बद किए। लिफ्ट अपने-आप ऊपर चलने लगी। सीमा ने धीमे स्वर म बादल से पूछा

अब तुम कहोगे यह भी नकली इसान है!"

बेशक।"

"हैरत है!" सीमा बोली, "यह बिल्कुल ऐसा ही है जैसा हमारे तेहरान का लिफ्ट चलानेवाला होता है।"

"जी हा बादल न जवाब दिया, "हमने इस लिफ्ट मैन को इसी डिज़ाइन पर बनाया है।'

"मुझे विश्वास नही होता' सीमा बोली।

बादल बोला, "यहा जो भी आता है, उसे विश्वास नही होता। लोग समझते हैं कि हम यहा से असली इसान ही सवार कर भेजते है पर ऐसा नही है। ये लोग बिरकुल नक्ली इसान है।"

"पर मेरा शक कैसे दूर होगा ?"

"जब आप हमारे जनरल मैनेजर से मिलेंगी," बादल बोला, "वैसे मैं भी बता सकता हू लेकिन मेरा खयाल है कि आप नक्ली इसान के असली आविष्कारक से मिलकर उसीकी जबान से सब बातें सुनना पसद करेंगी।"

सत्रहवी मजिल पर जाकर लिफ्ट-मैन ने लिफ्ट रोक दी, दोना दरवाज़े खोले, अदब से झुककर सलाम किया, जिसका सीमा ने मिले जुले अचरज और सदेह से उत्तर दिया।

इतने म बादल ने फिर सीमा का हाथ पकड लिया था। बोला, "उधर नही, इधर मेरे साथ आओ।"

वह सीमा को लेकर पश्चिमी कान के एक कमरे मे दाखिल हुआ। यह जनरल मैनेजर अजय घोष का कमरा था।

## ४

दरवाजे के अदर दाखिल होकर पहले मुलाकातिया के बैठने का कमरा आता था। यहा पर पहले ही से बहुत से मुलाकाती बठे हुए थे। अदर के दरवाजे के बाहर एक वर्दीधारी खडा था, जिसकी वर्दी नीली थी नीली पतलून और नीली कमीज, लेकिन कमीज़ के कफ और कालर

सफेद रग के थे, जो उसे दूसरे कमचारियो से श्रेष्ठ सिद्ध करते थे। उसका नाम वच्चन सिंह था। बादल को पहचानकर वह कुछ आगे बढ़ा, और पूछने लगा, "यस मिस्टर नरेंद्र घोष, क्या माननीय अध्यक्ष की बेटी तश-रीफ ले आई हैं ?"

"हा, वच्चन सिंह" नरेंद्र घोष न एक काड वच्चन सिंह के हाथ मे थमाते हुए कहा, "इसे फौरन अदर ले जाओ।"

"अदर ले जाने की जरूरत नही है" वच्चन सिंह ने अदब के साथ जवाब दिया, 'जनरल मैनेजर काफी देर से आपका इतजार कर रह ह। उन्होंने मुझे आदेश दिया था कि जैसे ही आप माननीय अध्यक्ष की बेटी को लेकर आए, आप दोनो को उनके दफ्तर म पहुचा दिया जाए।"

इतना कहकर वच्चन सिंह ने अदर का दरवाज़ा थोडा-सा खोल दिया और खुद बाहर खडा रहा। बादल सीमा को लेकर अदर चला गया। दरवाज़ा अपने आप बद हो गया।

जनरल मनेजर अजय घोष की आयु कोई पैंसठ वप की होगी। रग सावला और चेहरे की रूपरेखा म मगोल रग झलकता था। उसका माथा बेहद चौडा और चेहरा भव्य-तेजपूण और गभीर। कनपटियो पर बाल थे। लेकिन उनपर सफेदी छाने लगी थी। वह एक बडी मेज़ के पीछे एक घूमने वाली कुर्सी पर बैठा था और उसकी मेज पर सात टेलीफोन थे, और उसकी मेज के दायें तरफ एक सुदर लडकी बठी हुई शाट हैंड म नोट ले रही थी।

जनरल मैनेजर घोष कह रहा था "सेक्शन नबर ३ के लिए सेनशन मनजर आविन हाइमर परिस की यू फान फैक्टरी को हमने पाच वप की गारटी दी थी, मगर चार सौ मजदूरो के हाथ दो साल म ही टूट गए है। समुद्री जहाज़ 'रोज़मान' टूटे हुए नकली इसानो को लेकर आ रहा है। ओविन हाइमर को मालूम करना चाहिए कि माल म खराबी क्यो

और वँ मे आई। क्या फैक्टरी से खराब माल भेजा गया या फैक्टरी मे ज्यादा इस्तमाल करने और नक्ली इसाना को पर्याप्त आराम न पहुचाने से यह हाथ टूट गए।

"लिख लिया, शीला ?" जनरल मनेजर न पूछा, "दूसरे नोट के लिए तैयार हो ?"

"जी हा।"

"अरे बादल।" एकाएक जनरल मनजर न अपनी कुर्सी पर घूमकर सीमा और बादल को देखा और अपनी कुर्सी से उठकर अध गोलाकार मेज़ से बाहर निकल कर आया और सीमा से हाथ मिलात हुए कहने लगा, "स्वागत, मिम सीमा। तशरीफ रखिए! मुझे एक जरूरी नोट भेजना है। बस, दो मिनट लूगा, फिर जी भर के आपसे बातें होगी।"

वह फिर अपनी सुदर स्टेनो टाइपिस्ट लडकी की तरफ मुडा और कहन लगा, "तैयार हो शीला ?"

"जी हा।"

"लिखो, ब्राजील के प्रधान मत्री के लिए। आपका कृपा पत्र प्राप्त हुआ। हमे दुख है कि हम इस वष भी आपके काफी के बागा मे काम करने के लिए पाच लाख नक्ली मनुष्य तैयार करके न भेज सकेंगे, केवल तीन लाख भेज सकेंगे। मैंने पिछले खत म दो लाख का वादा किया था। आपके लगातार ज़ोर देने पर तीन लाख नक्ली मनुष्य तैयार कराके सितबर के महीने के आखिर तक भेज दिए जाएगे। आपका

"लिख लिया, शीला ?"

"जी हा।"

"तो अब तुम बाहर जा सकती हो मिस सीमा वोडामा, आप मेरे पास इस कुर्सी पर बैठ जाइए।"

जब शीला बाहर चली गई, तो उसकी कुर्सी को प्रोफेसर घोष ने

अपने निकट घसीट के उसपर सीमा को बैठ जाने को कहा, 'फिर अपने दोनों हाथों की उंगलियां मिलाते हुए प्रसन्नता भरे लहजे में बोला, "मुश्किल से चौदह वर्ष की उम्र होगी आपकी ? '

"नहीं," सीमा प्रतिवाद करते हुए बोली, 'मैं सोलह वर्ष की हूं। राजनीतिक विज्ञान मेरा मुख्य विषय रहा है।'

"सफर में कोई कष्ट तो नहीं हुआ ?"

'नहीं, मैं माननीय अध्यक्ष के विशेष राकेट से यहां पहुंची हूं।'

"मेरे लायक कोई सेवा ?"

'जाहिर है, मैं फैक्टरी देखना चाहूंगी अगर आपको कोई कष्ट न हो, या एतराज न हो ?"

नकली इंसानों की निर्माण प्रक्रिया एक गोपनीय प्रक्रिया है जिसे हम किसीको नहीं बता सकते। आम तौर पर हम फैक्टरी के बहुत से विभाग किसीको नहीं दिखाते। बस दो चार विभाग दिखा के टाल सकते हैं। मगर आपका मामला दूसरा है। आप माननीय अध्यक्ष की बेटी हैं। मेरा बेटा नरेंद्र घोष, जो स्वयं एक बहुत अच्छा वैज्ञानिक है, आपको फैक्टरी के बहुत से ऐसे विभाग दिखा देगा जो हमने आज तक किसीको नहीं दिखाए। मगर मैं आशा करता हूं कि आप इसे पूरी तरह गोपनीय रखेंगी।"

"मैं वादा करती हूं। और एक सवाल भी पूछना चाहूंगी।'

'जरूर पूछिए।"

आपको नकली इंसान बनाने का फार्मूला कैसे हाथ लगा ?"

प्रोफेसर घोष बोले, "मैं दरअस्ल में अंडमान जहाज पर समुद्री जीवन का अध्ययन कर रहा था, उसी जमाने में अंडमान के आसपास के तटीय क्षेत्रों की समुद्री तहों पर काम करते करते अचानक मेरे मन में विचार आया कि प्रकृति ने इंसानी गोश्त बनाने का जो तरीका अपनाया है, क्या

उससे अलग हटकर कोई दूसरा उपाय नही खोजा जा सकता। स्पष्ट है, प्रकृति भी कई प्रकार से जीवन की रूपरेखा बनाती है " प्रोफेसर घोष सीमा को समझाने लगे।

" वृक्षो के तनो और डालियो मे अन्य प्राणियो का-सा लाल खून नही दौडता, पर हम उन्हे भी जीवित प्राणी मानते हैं। अगर किसी और तरकीब से इसानी गोश्त बनाया जा सके

" जरा सोचिए, मिस सीमा, छोटी छोटी टेस्ट-ट्यूबो म समुद्री जीवन के प्लाज्मे का, परीक्षण करते हुए, एक मामूली घोघे के शरीर से लेकर मनुष्य के निर्माण तक पहुच जाना मगर किसी दूसरे तरीके से पहुच जाना किस कदर कठिन काम है और कितना धय चाहिए इसके लिए। मगर "

प्रोफेसर घोष रुक गया, क्योकि उसकी मेज पर एक घटी बज रही थी। प्रोफेसर घोष ने डिक्टाफोन उठाकर कहा, "नही, इस वक्त मुझे किसीसे मिलने की जरूरत नही है। मैं कान्फ्रेंस मे हू।"

डिक्टाफोन रखकर उसने एक क्षण के लिए सीमा की ओर देखा। बादल बोर होकर कोने म बैठ गया।

प्रोफेसर घोष खामोशी से सीमा को घूरे जा रहा था। सीमा बोली, "तो फिर क्या हुआ ?"

"फिर मेरे सामने यह सवाल आया कि इस टेस्ट-ट्यूब म भरे हुए पदार्थ से जीवन को कैसे उभारा जा सकता है और जो मास और हड्डी और रगें तथा नसें और ग्लैंड तथा हारमोन क्या आप समझ रही है ?"

सीमा हसकर बोली, "ज्यादा तो नही, मगर बेहद दिलचस्प कहानी है।"

"आपके लिए कहानी होगी, मगर मेरी तो पूरी जिंदगी की पूजी है। धीरे धीरे परीक्षण करते हुए मैं उस पडाव पर पहुच गया, जहा मैं एक ऐसा मनुष्य बना सकता था जिसम टगोर का-सा कवित्व हो और आइस्टीन

बा-सा दिमाग हो, या एक ऐसा कीड़ा जो पचास फुट लंबा हो और आदमी की-सी सूझ बूझ रखता हो। जो नकली पदार्थ मैंने तैयार किया उसमें जीवित रहने की ऐसी शक्ति थी कि जो दूसरे पदार्थों से मिलकर नये प्रकार की सृष्टि कर सके। इसानी गोश्त तथा खून और प्लाज़मा को दूसरे पदार्थों के साथ मिलकर ऐसा करने पर लाचार नही किया जा सकता। दूसरा हृदय लगाने की सर्जरी इसीलिए प्राय असफल होती है कि शरीर दूसरे गोश्त को अपने भीतर पवदकारी से इकार करता है।"

'इसमें तो रहस्य की कोई ऐसी बात नही है जो दूसरों को मालूम न हो। अब तो यह सारा ससार जानता है। इसीलिए हमने प्लास्टिक के हृदय बनाए है जिन्हें हमारा शरीर अस्वीकार नहीं कर सकता। यह ऐसा कौन-सा भेद है कि जिसे लोगों से छिपाया जा सके अथवा जिसको किसीको न बताने के लिए मैं बेकार की कसम खाने पर भी मजबूर की जाऊ।'

'बेशक इसमें रहस्य की कोई बात नही है। पर रहस्य केवल इतना है कि मैं टेस्ट ट्यूब मे नकली खून और गोश्त बनाने पर ही सतोष नही करना चाहता था मैं इसान बनाना चाहता था इसान।'

'इसान ?"

"हा करीब करीब इसीलिए मैंने अपने प्रयोग शुरू किए। शुरू-शुरू मे नितात असफलता मिली। पहला इसान जो मैंने बनाया, उसकी सूरत लगभग एक उल्लू से मिलती थी। वह केवल तीन दिन जीवित रहा। फिर मैं एक लगूर जैसा इसान बनाने मे सफल हो गया, जिसकी पूछ भी थी। इस अवसर पर मेरे दोस्त प्रोफेसर पाटिल से मुझे अचानक मदद मिल गई।

"पाटिल का दिमाग वैज्ञानिक के बजाय एक इजीनियर का दिमाग है। उसने मुझे समझाया कि मनुष्य के भीतरी शरीर की मशीनरी बहुत पचीदा है और कुछ दशाओ मे अत्यत हानिकारक भी है। हम इसान

यानी अपने नये इसान को बचाने के लिए यह भी सोचना होगा कि उसके भीतर बहुत-से अग ऐसे है जिनकी नय इसान को जरूरत न होगी। यानी अगर हम आर्थिक दृष्टिकोण से देखें तो फैक्टरी मे काम करने वाले मजदूर के लिए मेदे की क्या जरूरत है? जिगर और सीने तथा गुर्दे की क्या जरूरत है? हा दिल की जरूरत है जो रगो मे खून दौडा सके, दिमाग की जरूरत है जिससे वह सोच सके, हड्डियो, रीढ की हड्डियो, हाथ-पाव, सुनने की शक्ति, बोलने की शक्ति, देखने की शक्ति, सघने की शक्ति की जरूरत है। मगर चखने की शक्ति की क्या जरूरत है। बोलने के लिए जबान जरूरी है मगर उसम स्वाद लेने की शक्ति होना बेकार है। मेद को निकाल देने से बहुत-से फालतू अग अपने आप निकाल देने पड़े, जिससे नकली इसान बनाना मुनाफे के हिसाब से बहुत बेहतर हो गया। और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बहुत सफल। यू समझिए कि हमने असली इसान का मॉडेल लेकर उसके शरीर मे उपयुक्त परिवतन कर दिए " प्रोफेसर घोप कहते-कहते रुक गया।

"कही आप बोर तो नही हो रही ह ?"

"जी नही, यह विषय मेरे लिए बहुत दिलचस्प होता जा रहा है।"

"शायद आपके लिए चाय मगवाऊ ?"

"अच्छा, पी लूगी ?"

"साथ म क्या खाइएगा ?" बादल ने अब वार्तालाप म हस्तक्षेप किया। अब तक वह बिल्कुल चुप बैठा था।

"मुझे चाय के साथ पनीर की फुल्लिया पसद है, बेसन म तली हुई," सीमा ने कहा।

प्रोफेसर घोप ने बटन दबाया। शीला अदर आ गई। प्रोफेसर घोप ने उसे चाय और पनीर की फुल्लिया मगवाने का कहा। शीला इतजाम करने के लिए फिर बाहर चली गई।

सीमा ने सवाल किया "तो क्या आपके नकली इंसान खुश रहते हैं, दुखी होते हैं, सैर को जाते हैं, गाना गाते हैं, नाचते हैं ?"

"यह सब अनावश्यक बातें हैं और सिर्फ इंसान की शोभा देती हैं। मिस सीमा, क्या आप सितार बजाती हैं ?"

जी हां ! मुझे सितार बेहद पसंद है।"

"बहुत खूब। एक दिन सुनूंगा। मैं सितार बजा तो नहीं सकता, लेकिन सुनने का मुझे बहुत शौक है," प्रोफेसर घोष बोला। "हां मगर पहले मैं आपके सवाल का जवाब दे दूं।"

"सितार बजाना आपके लिए उचित है मगर एक काम करने वाली मशीन को सितार से दिलचस्पी न होनी चाहिए। उसे सुख दुख से क्या मतलब, उल्लास और आनंद उसके किस काम के ? पट्रोल से चलनेवाली मशीन यदि आपकी तरह चूड़ियां और कंगन पहनकर बैठे, तो कितना अजीब मालूम होगा। इसलिए यह तथ्य कभी न भूलिए कि हम नकली इंसान, फैक्टरियों और दूकानों तथा दफ्तरों में काम करने के लिए बनाते हैं, खुशियों की महफिल सजाने के लिए नहीं।"

प्रोफेसर घोष ने सीमा की तरफ देखा। उसे महसूस हुआ जैसे सीमा के चेहरे पर उकताहट और उदासीनता के चिह्न प्रकट हुए हैं। वह मुस्करा उठा और बोला, "मिस सीमा, क्या आपसे एक सवाल कर सकता हूं ? आपके ख्याल में सबसे अच्छा मजदूर किस तरह का हो सकता है।"

सीमा ने सोच-सोचकर कहा, "अच्छा मजदूर मेरे ख्याल में वह होगा जो ईमानदार हो और मेहनती हो "

"और सबसे सस्ता भी हो !" प्रोफेसर घोष चिल्ला उठा "सबसे सस्ता भी हो और उसके जीवन की आवश्यकताएं सबसे कम हों। हम अपनी फैक्टरी में अधिकतर ऐसे ही नकली इंसान बनाते हैं। यू समझिए कि मैंने इंसान को दो कर दिया और एक रोबो बना दिया। रोबो के साथ

चूंकि बिल्कुल एक मशीन का-सा सिस्टम बधा हुआ है इसलिए मैं अपने इसान को रोबो से श्रेष्ठ समझता हू। बहुत-सी बातो मे वह इसान से मिलता है और बहुत-सी बातो म नहीं भी मिलता। मगर है वह एक तरह का रोबो ही, मगर इसान से अधिक मेहनती, ज्यादा मजबूत, कम आवश्यकताए रखने वाला, मैकेनिकी हिसाब से उसका शरीर इसान के शरीर से अच्छा है। उसका दिमाग भी इसान से अच्छा काम कर सकता है। मगर मेरे रोबो के भीतर कोई रूह नहीं है, यह बिना रूह का इसान है।"

सीमा बोली, "यह आप कैसे कह सकते हैं कि आपके बनाए हुए रोबो के भीतर कोई रूह नहीं होती ?"

"क्या आपने मिस सीमा, किसी रोबो के अदर झाककर देखा है।"

"नहीं।"

"मेरा बेटा आपको दिखा देगा। इसे इलेक्ट्रॉनिक्स म बहुत दिलचस्पी है और ग्लैंड बनाने म भी माहिर है। आजकल यह प्रोफेसर जावद मलिक की निगरानी म काम कर रहा है। बादल, तुम सीमा को एक रोबो अदर से काटकर दिखा दोगे न ?"

"जी हा।"

सीमा न एक झुरझुरी-सी महसूस की।

"एक इजीनियर की सृष्टि हर हालत मे प्रकृति की सृष्टि से अच्छी होती है।'

'मगर आदमी को भगवान ने बनाया है।"

"यही तो सबसे बुरा हुआ।" प्रोफेसर घोष ने कहा, "खुदा या भगवान या गाड जो भी कहो, उसे माडन इजीनियरिंग के उसूलो की कोई जानकारी नहीं थी। क्या तुम्हे यकीन आएगा कि मैंने पहले-पहल कैसे नकली मनुष्य तैयार किए ?"

"नहीं," सीमा बोली।

"इस्पात के सात गोलह फुट ऊँचे इंसान यह सोचकर कि वह बड़े इंसान फैक्टरियों में अच्छा काम कर सकेंगे—एक आदमी से चौगुना काम मगर ऐसा प्लान फेल हो गया। इस धरती के स्वभाव में सोलह फुट के इंसान को जीवित रखने की शक्ति नहीं है। वे जल्दी टूट फूट जाते हैं, बेहद बड़े हैं ये इंसान। हमारी धरती इतने बड़े इंसान को शरण नहीं दे सकती, इसलिए मैंने सामान्य साइज के नकली इंसान बनाने शुरू किए—छह फुट के इंसान या उससे कम के, जो देखने में बिल्कुल इंसान मालूम हों, मगर भीतर से नकली और ऊपर से ऐसे, जैसे आप हम, सब लोग दिखाई देते हैं।'

सीमा बोली "हाँ, मैंने तेहरान में कुछ ऐसे रोबो देखे थे। शहर की कारपोरेशन ने दो सौ ऐसे रोबो खरीदे थे जो भंगियों का काम कर सकें। मेरा मतलब है उन्हें इस काम पर नियुक्त किया गया था

"नियुक्त नहीं किया गया था खरीदा गया था, मिस सीमा। मेरे बनाए हुए इंसान खरीदे और बेचे जाते हैं।"

हाँ," सीमा बोली, वे लोग सड़क पर झाड़ू दे रहे थे। मैंने उन्हें देखा था। बड़े अजीब और खामोश से नजर आए।"

प्रोफेसर घोष मुस्कराकर बोले, "मगर हमारी फैक्टरी एक ही तरह के रोबो नहीं बनाती, यहाँ कई किस्मों के नकली इंसान बनाए जाते हैं। जो सबसे ऊँची किस्म होती है वह चालीस वर्ष तक चलती है।"

"फिर वे मर जाते हैं?" सीमा ने पूछा।

नहीं इस्तेमाल से घिस जाते हैं या टूट फूट जाते हैं।"

प्रोफेसर ने बटन दबाकर बच्चन सिंह को अंदर बुलवाया और उससे कहा, "बच्चन सिंह, मजदूर किस्म नंबर सात के रोबो लेकर आओ, फौरन।"

ज्यों ही बच्चन सिंह गया, प्रोफेसर घोष सीमा की ओर देखकर बोला,

"यह नंबर सात सबसे अधिक संख्या में बनाया जाता है।"

इतने में बच्चन सिंह दो रोबो लेकर आया। उनकी चाल में फौजी अंदाज था, जब वे दोनों जनरल मैनेजर के निकट पहुंचे तो सैल्यूट करके खड़े हो गए। उनके चेहरे पर कोई भाव भंगिमा न थी। चलने में एक यान्त्रिक अंदाज था।

सीमा ने उन्हें देखा, बेहद मजबत, गठा हुआ शरीर, चेहरा गम्भीर, होंठ बंद, आंखों की पुतलियां शून्य में घूरती हुईं। ये दोनों नकली इंसान किसी छोटे ट्रैक्टर की भांति मजबूत और तगड़े दिखाई देते थे।

"किस्म नंबर सात मामूली सूझ बूझ रखती है— एक आम इंसान की सी।'

सीमा के शरीर में एक झुरझुरी सी आई।

प्रोफेसर घोष ने बच्चन सिंह से कहा, "इन्हें बाहर ले जाओ।"

जब बच्चन सिंह इन दोनों रोबो को बाहर लेकर चला गया, तो प्रोफेसर घोष से सीमा ने कहा, "इन्हें देखकर कुछ अजीब सा एहसास होता है।"

'बच्चन सिंह, जो उन रोबो को लेकर आया था, स्वयं एक रोबो था मगर पांच नंबर का था।'

सीमा आश्चर्य में डूब गई। इतने में प्रोफेसर घोष बोले, "आपने मेरी नई टाइपिस्ट देखी?"

'वह सुंदर लड़की, जिसे आप कोई खत शार्ट हैंड में लिखा रहे थे?"

इतने में शीला अंदर आ गई। उसके पीछे पीछे दो रोबो आ रहे थे। एक ने चाय की ट्रे उठा रखी थी, दूसरे रोबो के हाथ में पनीर की फुल्लियां थीं, बेसन में तली हुईं, उसके सिर पर एक सफेद टोपी थी। सफेद टोपी वाले आदमी को इशारा करके प्रोफेसर घोष ने कहा, "यह भी एक रोबो है लेकिन हमने इसे स्वाद की शक्ति दे दी है। यह बहुत अच्छा भोजन

बनाता है। ''कहो, रौदर,' प्रोफेसर घाप ने सफेद टोपी वाले से पूछा—''फुल्लिया कमी ह ?''

''मैंने चखी हैं, जनाव।'' रौदर इत्मीनान से वोला, 'बढिया स्वाद है।''

जब चाय और फुल्लिया गम गम, एक तिपाई पर रखी गईं, तो शीला—प्रोफेसर घोष की रचना चाय वनाने लगी।

*चाय उसने बडी शिष्टता से बनाई हरेक की खिदमत म पश की।*

सीमा ने कहा, ''शीला, तुम खुद भी तो लो एक कप चाय।''

शीला बाली, ''मैं चाय नहीं पीती।''

तो जा पीती हो, वह मगा लो।''

'मैं न कुछ खाती हू। न पीती हू।''

चाय की प्याली सीमा के हाथ से गिरते गिरते बची, आश्चयचकित होकर बोली, 'तो क्या तुम भी ?''

पूव इसके कि शीला कुछ जवाब देती, प्रोफेसर घोष न कहा 'यह भी फक्टरी से आई है।''

सीमा ने शीला से पूछा ''शीला, क्या तुम फैक्टरी म पैदा हुई थी ?'

''नहीं।'' शीला धीरे से बोली, 'मैं यहा बनाई गई थी।''

''क्या कह रही हो ?''

'शीला ठीक ही कह रही है,' बादल बोला, 'इसकी त्वचा मैंने खुद तैयार की है। इसकी ठोढी या गाल छूकर देखो सीमा। शीला वेहद बुद्धिमती है। इसे देखकर कोई नहीं कह सकता कि यह हमसे किसी तरह भिन्न है फिर शीला के हाथ अपने हाथ म लेकर बाला, ''इसके हाथ देखो, इसकी लबी और सुदर उगलिया, इसकी जैतूनी रगत। यह सर्वोत्तम ग्रेड की रावा है। शीला जरा घम तो जाओ।''

शीला अपना स्कट सभाल के घूम गई। घूमन म उसके बाल भी घूम

कर माथे पर आ पड़े, उसने बड़ी अदा से अपने बालों को ठीक किया, और सीमा से कहने लगी "आप अपने रॉकेट से आई हैं लेकिन जाते समय हमारी फैक्टरी के लक्जरी राकेट से जाइए। हमारा रॉकेट बेहतरीन राकेट है—बढ़िया सीटें, उत्तम प्रबंध। सात मिनट में आप तेहरान पहुंच जाएगी।'

"यह झूठ है, बिलकुल झूठ।' सीमा शीला के बालों को छूकर बोली। "इसके बाल तो मुझसे भी सुदर और रेशमी हैं। मैं मान ही नहीं सकती कि शीला एक रोबो है। वह निश्चित रूप से एक लड़की है—मेरी तरह। क्या शीला ?"

सीमा ने शीला की तरफ देखा जैसे वह अपने सवाल का जवाब 'हा' में माग रही हो।

शीला गभीरता से बोली, "मैं एक रोबो हू।"

"यह झूठ है" अनायास सीमा के मुह से निकला, "यह झूठ है, मिस्टर घोष अपनी फैक्टरी के प्रचार के लिए यह सब कर रहे हैं।"

'क्या ?" प्रोफेसर घोष को भी गुस्सा आ गया। "आपको मेरी बात का यकीन नहीं है, तो फिर मुझे आपको यकीन दिलाना ही पड़ेगा।

इतना कहकर उसने बटन दबाया। बच्चन सिंह हाजिर हुआ। मिस्टर घोष ने बच्चन सिंह से कहा, "बचचन सिंह शीला को चीर फाड़ करने वाले कमरे में ले जाओ और इसका पट फौरन चाक कर दो।' फिर सीमा की ओर मुड़कर बोला, "आप वहा जाकर खुद अपनी आखो से देख सकती है, कि शीला के शरीर के भीतर मेदा, जिगर, तिल्ली, गुर्दे एस बहुत से अग नहीं पाए जाते, न ही इसके आते हैं।"

बच्चन सिंह ने शीला को उठाने के लिए कदम बढाया। सीमा अपने सोफे से उठकर बच्चन सिंह और शीला के बीच आ गई, बोली, 'प्रोफेसर, क्या आप इसके प्राण लेंगे ?"

"मिस सीमा, यह तो एक मशीन है। मशीन को कौन मार सकता है?"

बच्चन सिंह ने शीला से कहा, "मेरे साथ चलो।"

इतना कहकर वह दरवाज़े की तरफ जाने लगा। शीला ने भी जाने के लिए एक पग बढाया। सीमा उसे रोककर बोली, "उसे मत ले जाओ, शीला, मैं तुम्हें जाने न दूगी, तुम्हें कत्ल न होने दूगी।"

उसने शीला का हाथ अपने हाथों मे लेकर कहा, "मुझे बताओ शीला, क्या यह लोग तुमपर ऐसा ही अत्याचार करते हैं? क्या तुम इस अन्याय का विरोध नहीं कर सकती?"

शीला ने यान्त्रिक लहजे मे कहा, "मैं रोबो हू।"

"इससे क्या फर्क पडता है," सीमा भडककर बोली "तुम भी एसी हो जसी कि मैं हू। क्या तुम अपने शरीर के टुकडे कराने पर तैयार हो?"

"हा, मैं तैयार हू।' शीला ने जवाब दिया।

'क्या मतलब?' सीमा हैरत से बोली, 'तुम्हें अपनी मौत से डर नहीं लगता?"

'मैं कुछ कह नहीं सकती," शीला बोली।

"तुम्हें मालूम है, तुम्हारे साथ अब क्या सलूक किया जाएगा?" सीमा ने पूछा।

"हा मैं फिर कभी हरकत न कर सकूगी।'

"बच्चन सिंह!" तभी प्रोफेसर घोष ने बच्चन सिंह से कहा, "तुम मिस सीमा को बताओ कि तुम कौन हो?"

'मैं एक रोबो हू। मिस सीमा वोडामा, एक नकली मनुष्य—जिसे फैक्टरी मे बनाया गया है।"

"तो क्या तुम इस सुदर रोबो के टुकडे-टुकडे कर सकोगे?"

"हा।"

"और तुम्हें कोई दुःख न होगा ?"

"मुझे मालूम नहीं, मिस सीमा वोडामा !" बच्चन सिंह ने गंभीरता से कहा।

"इसके टुकड़े टुकड़े करने के बाद क्या होगा ?"

बच्चन सिंह बोला, "इसके बाद इसे पिघलाने वाले विभाग में भेज दिया जाएगा।"

"जहां इसका शरीर फिर उसी आटे में परिवर्तित हो जाएगा जिससे नकली गोश्त बनता है।" प्रोफेसर घोष ने हंसकर कहा, "हमारी फैक्टरी के मुर्दे भी बेकार नहीं जाते। हम उन्हें इसानों की तरह न जलाते हैं, न धरती में गाड़ते हैं। हम इनसे दोबारा नकली इंसान बना लेते हैं। इस विषय में हमने प्रकृति को भी मात दे दी है।"

"किस कदर भयानक है यह कल्पना !" सीमा ने कांपकर कहा, "कृपा करके इन दोनों को इस वक्त तो इस कमरे से बाहर भेज दो, मगर शीला को मारा नहीं जाएगा "

"अगर तुम्हें यकीन आ गया है कि मैं सच कह रहा हूं तो मुझे शीला के शरीर को पिघलाने की क्या जरूरत है। जाओ, शीला और बच्चन सिंह तुम दोनों बाहर चले जाओ।"

प्रोफेसर घोष अपनी सीट से उठकर एक बड़ी फ्रेंच खिड़की के पास गया और सीमा से कहने लगा, "इधर आओ !"

सीमा उसके करीब गई, बादल भी उठकर सीमा के साथ हो लिया। प्रोफेसर घोष ने खिड़की के बाहर इशारा करते हुए कहा, "कुछ देख रही हो ?"

"हां, कुछ लोग दीवार पर ईंटें चुन रहे हैं।"

"वे सब रोबो हैं और जो अधिकारी उनकी निगरानी कर रहे हैं वे भी रोबो हैं। इधर नीचे की बिल्डिंग देखती हो ?"

## ५

'बडी खुशी हुइ आपस मिलकर," डाक्टर पार्किन्ज न सीमा से हाथ मिलात हुए कहा, ' मरे खयाल म आपके आगमन का समाचार सब अखबारा म भिजवा दिया जाए।"

सीमा न घबराकर कहा, "नहीं नहीं।" वह हडबडाकर उठ खडी हुइ।

"बैठ जाइए, मिस वोडामा," जनरल मनजर ने सीमा से कहा, "अगर आपको शोहरत पसद नही है तो न सही, मगर कुर्सी पर तो बैठ जाइए।"

इस अवसर पर चारा आदमी अपनी-अपनी कुर्सी पेश करने लगे। कुछ क्षण अजीब उफरा-उफरी रही, आखिरकार सीमा ने बादल की पश की गई कुर्सी ले ली और उसपर बैठ गई।

डॉक्टर पार्किन्ज बाले, "रॉकेट का सफर कैसा रहा ?"

दूसरा बोला, "दूरी इस कदर कम हो जाती है कि पता ही नही चलता कि कब चले, कब पहुचे। मैं इसलिए रॉकेट के बजाय जेट या रल-गाडी को पसद करता हू। तभी मालूम होता है कि सफर कर रहे है।"

तीसरा कहन लगा, "हमारी फैक्टरी के बारे म आपका क्या खयाल है ?'

सहसा जनरल मैनेजर ने आधिकारिक स्वर म बुलद आवाज से कहा, "चुप हो जाओ, मिस सीमा का कहने दा।"

' मैं क्या बकू इनमे ?" सीमा जनरल मनेजर की ओर देखने लगी।

"जो आपके जी म आए, आप इनस कह सकती ह। इन्ह सुनना पडेगा।"

सीमा उन चारा को गौर से देखते हुए बोली, "क्या मैं इनमे साफ-

साफ बातें कर सकती हू ?"

"क्यो नही ?" जनरल मैनेजर बोला, "इसमे हर्ज ही क्या है ?"

सीमा उन चारो की तरफ देखते हुए बोली, "जिस प्रकार का व्यवहार आप से किया जाता है क्या उससे आपको तकलीफ नही होती ?"

"किस तरह का व्यवहार ?" डॉक्टर पार्किन्ज ने पूछा।

"कौन हम तकलीफ देता है ?" दूसरा कहने लगा।

तीसरा बोला, "आपके दिल म यह खयाल कसे आया ? '

सीमा बोली, "क्या आपको कभी यह अनुभव नही होता कि आप इससे अच्छी ज़िंदगी बसर कर सकते हैं ?"

चौथा बोला, " 'इससे अच्छी जिंदगी से आपका मतलब क्या है ?"

सीमा एकदम जोश मे आ गई, "यहा तो शदीद बेरहमी दिखाई जा रही है, और आप मुझसे व्यवहार की बात पूछ रहे है। सारे ससार म कानाफूसी हो रही है, इसीलिए मैं यहा आई हू, ताकि मैं अपनी आखो से देख सकू और जो मैंने सुन रखा है उससे एक हजार गुना ज्यादा बेरहमी मैं यहा देखती हू।"

"किस तरह की बेरहमी ?" चौथे आदमी ने पूछा।

"जरा सोचो " सीमा बोली, "आप लोग भी हमारी तरह इसान हैं। हमम और आपम क्या अतर है, मगर जिस तरह आप यहा रहते हैं वह बेहद शमनाक है।"

डॉक्टर पार्किन्ज बोला "हा, इसमें तो कोई शुबहा नही है कि सासारिक सभ्यता से इस टापू म, बल्कि मैं कहूगा, इस तहखाने म रहते वचित रह जाते हैं।"

सीमा बोली, 'क्या मैं आपको भाई कह सकती हू।"

क्यो नही ?" दूसरा बोला।

सीमा अपनी कुर्सी से उठ खडी हुई। बोली, "भाइयो, मैं यहा आदर

णीय अध्यक्ष की बेटी की हैसियत से नही आई हू, मैं मानववादी सघ की ओर से यहा भेजी गई हू, ताकि मैं आप लोगो को बता सकू कि मानव-वादी सघ के दस लाख सदस्यो की सहानुभूति आपके साथ है। और जो कुछ आपके साथ यहा हुआ है, मैं उसका कडा विरोध कर सकती हू। हम लोग आपको हर तरह की सहायता देने को तैयार है।"

"किस तरह की सहायता ?"

"जरा ठहरिए," प्रोफेसर घोष मुस्कराकर बोले, "मेरा खयाल है, मिस सीमा इस भ्रम म पड गई हैं कि वे इस समय रोबो लोगो को सबो-धित कर रही है।"

"नि सदेह यह लोग रोबो ही तो है," सीमा ने कहा।

*वह चारो हसने लगे और फिर चारो इकट्ठे बोल पडे,* "हम लोग रोबो नही है, मिस सीमा, हम लोग तुम्हारी तरह इसान हें।"

बादल ने उसके कटीले लहजे की उपेक्षा करते हुए कहा, "पिछले समुद्री जहाज ने, जो डेढ लाख रोबो लेकर अमेरिका जा रहा था, हम यह समाचार दिया था। उसी से हम समझ गए कि क्यो एक हफ्ते से डाक बद है, कोई जहाज़ नही आता है, न कोई रॉकेट। हमने एक हफ्ते से काम बदकर रखा है। कोई आडर ही नही है।"

"अब समझी।" सीमा बाली, "इसीलिए तुम मुझे समुद्री जहाज उपहार म दे रहे थे।"

"नही, डार्लिंग, इसे तो मैंने आज से छह महीने पहले ऑडर किया था," बादल बोला।

"छह महीने पहले ?"

"मुझे कुछ इशारे खतरे के मिल रह थे, जो मेरे दिल मे एक डर सा पैदा कर रहे थे। मगर अब वह खतरा टल गया है। सबके जाम शम्पन से भर दो।"

बादल का हाथ पकडकर सीमा ने पूछा, "कैसे तुम कह रहे हो कि खतरा टल गया ?

"वह समुद्री डाक जहाज आ रहा है, जो हर हफ्ते आता है। वह नियमित रूप से वापस आ रहा है—टाइम-टेबल के अनुसार।

सीमा ने सतोष की सास लेकर कहा, "तो इसका मतलब है सब ठीक है ?"

"बिल्कुल, वसे इन रोबोओ न रेडियो स्टेशन पर अधिकार कर लिया है, और टलीफोन के तार काट दिए हैं, जिनमे हमारा सबध बाहरी दुनिया स जुडता था, लेकिन अगर वह जहाज़ समय पर, टाइम टेबल के अनुसार आ जाता है, तो उसका मतलब है कोई खतरा नहीं है।"

राबिन हायमर बाला, "यदि टाइम-टबल चलता रहे तो समझा सब ठीक है—मानवी विधान, प्राकृतिक विधान, सृष्टि के नियम सब ठीक समझे जाएगे। टाइम टबल से महत्वपूर्ण वस्तु इस ससार म क्या है? टाइम-टेबल शेक्सपियर से बडा है, कालिदास से बडा है, जिसके सहारे मॉडन इसान की दुनिया चलती है।"

सीमा न किसी कदर भुझलाकर कहा, "तो आप लोगा ने मुझे पहले क्या नहीं बताया?"

"हम तुम्हे परेशान नहीं करना चाहते थे," जावेद ने कहा।

"लेकिन अगर रोबो की क्राति यहा तक पहुच जाए—इस द्वीप तक तो ?"

"तब भी कोई बात नही, हम लोग अपने समुद्री पोत 'अतिम पर सवार हो जाएगे, और जब तक रोबा इस फैक्टरी के तहखान पर अधिकार करेंगे, हम लोग दूर समुद्र म होगे, और एक माह के अदर-अदर हम लाग रोबोआ—विद्रोही रावोआ—से अपनी शर्तें मनवा सकेंगे।"

"वह कैसे?" सीमा ने पूछा।

'हम इस जहाज़ पर वह चीज़ ले जा रहे हैं जिसके बिना रोबा जीवित नहीं रह सकते ज़्यादा देर तक।"

"वह कौन सी चीज है, बादल ?"

रावा किस प्रकार मैनुफैक्चर किए जाते ह, वह रहस्य मरे पिता जी के सेफ म बद है। उन्होंने अपने हाथ से वह फार्मूला तैयार किया था, जो उस सफ म बद है जिसकी चाबी तुम्हारे पास है—सेफ के सबसे निचले

लाने म मैंने तुम्हे बता दिया था न, सीमा, इसलिए कि वह फार्मूला तुम्हारे लिए बेकार था। इस कदर पेचीदा था कि तुमने उसे पढने से इन-कार कर दिया था।'

डॉक्टर पाटिल बोले, "हालाकि कुछ बातें मैं भी जानता हू, क्योकि मैंने बरसो अपने स्वर्गीय घोष के साथ काम किया है, मगर पूरा और सही फार्मूला उसी सेफ म बद है, जिससे फैक्टरी में नक्ली इसान बनाने हुए आज भी सहायता ली जाती है। वह समझो हमारी तुरुप की चाल है। ज्यो ही रोबोओ को पता चलेगा कि वे अपने-आपको बना नही सकते, अपनी आबादी को बढा नही सक्ते, वे फौरन घुटने टेक देंगे।"

हाय रे।" सीमा ने अपने दोनो हाथ अपन सीने पर रख लिए, 'आप लोगो ने मुझे पहले क्या नही बताया ?"

सीमा भागती हुई अगीठी के पास गई, कुछ क्षणो तक शर्मिंदगी से उसकी राख पर नजर डालती रही। फिर पलटकर बोली, "आप लोग मुझे बता देते तो कितना अच्छा होता।'

प्रोफेसर पाटिल ने दूरबीन से बदरगाह पर नज़र डालते हुए कहा, "डाक का समुद्री जहाज बदरगाह मे प्रवेश कर रहा है। मेरी नजर अब ठीक ही नही रही " प्रोफेसर पाटिल के हाथ म कपकपी थी, "तुम देखो, रोबिन हायमर।"

राबिन हायमर ने दूरबीन से देखते हुए कहा, "ठीक वही जहाज है, ठीक टाइम-टेबल के अनुसार वे लोग डाक के थैले नीचे फेंक रहे है। डॉक्टर पार्किन्ज और शेख मक्सूद किनारे पर खडे हैं। उनके चेहरे की मुस्कराहट देख सकता हू।"

विलियम जेगर ने कहा, "इन लोगो ने मेरा मतलब है, मेरे देश-वासियो न और दूसरे यूरोपियन देशा ने, खास तौर से जापान ने स्थिति पर कैसे काबू पाया होगा, मैं जानना चाहूगा।"

सहसा सीमा अंगीठी के पास से लौटकर आई और बादल को बाह से अलग कर बोली, "आओ, तुरत हम लोग यहां से चलें।"

"क्यों ?" बादल ने पूछा।

"डाक्टर रोबिन हायमर, डॉक्टर पाटिल, बलवंत सिंह जी, जावद, मैं तुम सबसे प्रार्थना करती हूं, फैक्टरी को बंद कर दो यहां से तुरत चल दो।"

"अब जाने की जरूरत क्या है ?" बादल बोला, "बल्कि अब तो जब कि विद्रोह पर काबू पा लिया गया है और समुद्री डाक कार्यक्रम के अनुसार आ चुकी है, मैंने सोचा है, कि हम लोग रोबो बनाने के काम को और अधिक बढ़ा देंगे और बिल्कुल एक नये प्रकार का रोबो बनाएंगे।"

"किस तरह का ?" सीमा ने पूछा।

"अभी तो सारे संसार में केवल अंडमान पर रोबो बनाने की फैक्टरी है। अब हम इस काम का फैला देंगे। हर देश में एक फैक्टरी का प्लांट लगा देंगे और जानती हो, वह फैक्टरियां क्या बनाएंगी ?'

"नहीं, मैं नहीं जानती।"

"कौमी रोबो, विभिन्न रंग, वंश, जाति और धर्म के रोबो—हिंदू रोबो, क्रिश्चियन रोबो, मुस्लिम रोबो, बुद्ध रोबो, अंग्रेज रोबो, अमरीकी रोबो, भारतीय रोबो, हम सबकी शिक्षा अलग कर देंगे, उनकी सूझ बूझ अलग, जिससे हर कौमी रोबो दूसरे जाति और क्षेत्र के रोबो से घृणा करने लगे। इंसानियत बचाने का यही एक ढंग है।'

"वाह क्या बढ़िया उपाय सोचा है। मराठा रोबो गुजराती रोबो से घृणा करेगा, गुजराती रोबो तमिल रोबो से, तमिल रोबो उत्तर भारतीयों से, ये सब रोबो आपस में लड़ते रहेंगे।"

और हमारी फैक्टरी का मुनाफा बढ़ता जाएगा।" बलवंत सिंह की आंखें प्रसन्नता से चमकने लगीं।

"अभी फैक्टरी बद कर दो मैं कहती हू !" सीमा थके हुए स्वर मे बोली।

"कैसे बद कर दें, अभी तो हम इसको बडे पैमाने पर शुरू कर रहे हैं, सफेद रग के रोबो और काले रग के रोबो और चीनी शक्ल के रोबो "

इतने म डाक्टर पार्किन्ज और शेख मकसूद दाखिल हुए। दोनो के हाथ म कागज़ के कुछ बडे-बडे पुर्जे थे।

बादल ने बेसब्री से पूछा, "क्या हुआ ? बोट पर गए थे ?"

"हा, गए थे।"

"डाक आ गई ?"

"हा, आ गई। सिर्फ यह विज्ञापन लाखो की सख्या मे, उन्होंने तट पर फेंक दिए और और "

"और क्या ?" पाटिल ने बेसब्री से पूछा।

"मेरे खयाल म ऑफिस म चलकर बात करें, तो बेहतर होगा," शेख मक्सूद बोला, उसकी निगाह सीमा पर थी।

"आप लोग आफिस क्या जाए, मैं चली जाती हू।" सीमा बोली। मुझे किचन म कुछ काम है। सीमा इतना कहकर चली गई।

उसके जाने के बाद कुछ क्षणो तक पूरी खामोशी रही। एक अजीब आतकजन्य खामोशी। फिर उस खामोशी को तोडते हुए डॉक्टर पार्किन्ज ने वह विज्ञापन बादल की ओर बढा दिया और बोला, "इसे पढो।"

"रोबोओ की इटरनेशनल लीग मनुष्य को अपना दुश्मन करार देती है और इस सृष्टि पर उसे शर्मनाक धब्बा समझती है। हम लोग आदमी से अधिक चतुर ह, अधिक बुद्धिमान। ससार का सारा काम हम करते है, इसान मजे उडाता है। अब यह नही चलेगा, इसान एक पैरासाइट है।"

"ये बातें किसने इह सिखाईं ?" डॉक्टर पार्किन्ज आश्चय-चकित होकर बोला।

शेख मकसूद ने कहा, 'आखिरी पैरा भी पढ लो।"

बादल पढने लगा, "रोबो की इटरनेशनल लीग दुनिया के हर रोबो से निवेदन करती है कि जहा कही भी कोई आदमी दिखाई दे उसे मार डालो। कारखानो, रेलवे, खाना, टलीविजन, रेडियो स्टेशन पर अधिकार कर लो। किसी उपयोगी वस्तु को नष्ट मत करो, उसे रोबो शासन के लिए सुरक्षित रख लो। मगर इसान को मार डालो, और फिर काम पर जुट जाओ। काम करना हर रोबो का परम कर्तव्य है।'

"भयानक।" बादल बोला।

"खौफनाक।" गोविन हायमर के मुह से निकला।

"अब क्या होगा ?" बलवत सिंह ने पूछा।

'मेरा खयाल है, अब हम जल्दी *'अतिम'* जहाज पर शरण लेनी चाहिए" बादल ने राह सुझाइ। "मैं सीमा को बुलाता हू। हमे तुरत यहा से चल देना चाहिए।"

'ठहरो, बादल," शेख मकसूद बोला "अब एसी कोइ जल्दी नही है।"

"क्यो ?" बादल ने पूछा।

'इसलिए कि रोबोओ ने 'अतिम' जहाज़ पर भी अधिकार कर लिया है। फैक्टरी के बहुत से रोबो इस समय इस समुद्री जहाज़ पर पहरा दे रहे हैं। रोबो की इटरनेशनल *लीग का झडा उस पर लहरा रहा है।"*

बादल ने जल्दी से दूरबीन लगाकर देखा। फिर अनायास बोला, "हत् तरे की !"

"बिजली घर को फोन करो।" बादल बोला, "एक तरकीब मेरी बुद्धि म आती है।"

"फोन करना बेकार है।' शेख मकसूद बोला, "हमने बदरगाह से तुम्हे टलीफान करना चाहा था, उन्होने फोन के भी तार काट दिए है।

अब कुछ नही हो सकता।"

बादल अपने सोफे से उठते हुए बोला, "मैं फौरन बिजली घर जाता हू।"

"क्यो ?" पाटिल ने पूछा।

'हमारे कुछ आदमी वहा फसे हुए हैं।"

"यह कोशिश भी बेकार होगी," डॉक्टर पार्किन्ज बोला।

"क्या ?"

"क्योकि नकली इसानो न सारी फैक्टरी को घेर लिया है। सारे द्वीप पर वे छा गए है, हर चीज को कट्रोल कर रहे है, बालकनी मे जाकर देखो।" डॉक्टर पार्किन्ज ने इशारा किया।

वे सब लोग ड्राइग रूम की तरफ दौडे, फिर जल्दी लौट आए। बादल ने हताश होकर कहा, "हा, उन्होने हमे घेर लिया है चारो ओर से, इसमे कोई सदेह नही है।"

इतने मे किचन से सीमा दौटी-दौडी ड्राइग रूम म आई। वह बुरी तरह से हाफ रही थी। उसके हाथ म कागज का एक विज्ञापन था। उसे हिलाते हुए उसने बादल से पूछा, "तुमने इटरनेशनल लीग का "

'इतनी जल्दी कैस किचन तक पहुच गया ? ये रोबो हर काम बहुत जल्दी और पाबदी से करते है।"

अचानक फैक्टरी का भापू जोर से बजने लगा। सब चौंक पडे।

'फैक्टरी का भापू ?" विलियम जेगर न कहा, "शायद लच का समय हो गया है।"

रोबिन हायमर ने घडी देखकर कहा, "अभी लच का टाइम नही हुआ ह।"

"लेकिन भोपू बराबर बजे जा रहा है।"

"यह लच का भोपू नही है," बादल बोला।

"फिर क्या है ?" शेख मकसूद ने उससे पूछा।

"रोबो को सावधान किया जा रहा है, वे सब इकट्ठे हो रहे हैं, हमपर आक्रमण करने के लिए।"

सीमा ने हल्की-सी चीख मारी और बादल के सीने से लिपट गई।

हर शख्स का चेहरा फक था।

भोंपू नीचे फैक्टरी में बराबर जोर-जोर से बज रहा था।

६

चचल बिजली के तदूर में से केक निकाल रही थी कि उसने अपने पीछे पैरो की चाप सुनी। उसने मुडकर देखा, यह विलियम जेगर था और पूर्व इसके कि वह किचन से भाग सकती, वह विलियम जेगर की मजबूत बाहो में थी, और वह उससे प्यार कर रहा था।

"मुझे छोड दो," चचल घबराकर बोली, "वर्ना मैं चिल्लाकर सबको इकट्ठा कर लूगी।"

यह पहला अवसर नही था, जब विलियम जेगर ने ऐसा किया हो, और चचल ने सहायता के लिए पुकारने की धमकी न दी हो, मगर इस धमकी के बावजूद वह विलियम की मजबूत बाहो के घेरे को पसद करती थी, मगर कभी उसने विलियम को जताया न था। वह विलियम पर हमेशा यही जाहिर करती थी कि वह उसकी छेडखानियो को सख्त नापसद करती है।

"चिल्लाने से पहले मेरी एक बात सुन लो, डार्लिंग।"

"मैं तुम्हारी डार्लिंग नही हू," चचल ने खफा होकर कहा।

"हिंदुस्तानी लडकिया तो ऐसी टेढी नही होती हैं।" जेगर न झूठी उपेक्षा से सिर हिलाकर कहा।

"सभी हिंदुस्तानी लडकिया एक-सी नहीं होती हैं।" चचल इठलाकर बोली, "और तुमन मुझे क्या समझ रखा है मिटटी की माधवी ?"

'मुहावरा है मिट्टी का माधो," विलियम जेगर बोला, "कम से कम मैंन अपन हिंदुस्तानी दास्तो को यही कहते सुना है।"

"सुना होगा लेकिन मैं मुहावरे बदल सकती हू। यह हमारी भाषा है तुम्हारी भाषा नही है जिसम "आख-नाख-ताख" के सिवा कुछ सुनाई नही देता।"

'तुम्हे मेरी भाषा का ज्ञान कैसे हुआ ?"

"तुम्ह वडवडाते नही सुनती हू क्या ? अच्छा अब मुझे छोड दो, वर्ना केक तदूर मे जल जाएगा और सीमा भी मुझपर नाराज होगी।

"अब जब कि सब कुछ जल रहा है केक भी जल जाए तो क्या अतर पडता है।"

"क्या मतलब ?" चचल ने भवें ऊपर उठाकर पूछा। उसका मुह थोडा सा खुला था।

विलियम जेगर ने उस थोडे-से खुले मुह पर अपने होठ रखकर उसका सारा रस चूस लिया।

चचल कसमसाती रह गई, फिर तडपकर उसकी बाहो के घेरे से फिसलकर निकल गई।

विलियम खामोश खडा रहा।

जब चचल तदूर से केक निकाल चुकी तो उसका एक जरा सा टुकडा छुरी से काटकर चखा। और जब उसकी जबान को केक का स्वाद पसद आया, तो उसने छुरी से केक का एक टुकडा काटकर विलियम को दिया

और बोली, "ज़रा इसे चखकर बताओ, स्वाद कैसा है ?"

विलियम ने केक का एक टुकडा मुह मे डाला। कुछ क्षण केक उसके मुह मे घुलता रहा, फिर उसने मज़े से एक चुस्की सी ली और बोला, "बहुत बढिया है, तुम तो बिलकुल जमन औरतो की तरह केक बनाती हो।"

"क्या सभी जमन औरतें बहुत अच्छा केक बनाती हैं ?"

' हा, लगभग सभी, लेकिन तुमसे अच्छा केक कोई औरत नही बना सकती, यह मेरा दावा है।"

"झूठे ।"

'मैं बिलकुल सच कहता हू।"

'चापलूस ।'

"सुदरता की चापलूसी न करू तो वह अपने प्रेमी से जल्द उदासीन हो जाती है। मुझे तो चापलूसी करना भी ठीक से नही आता। मरदो के इस द्वीप मे रहकर मेरी उस बुद्धि को जग लग गई है, जिसके द्वारा मर्द औरतो की तारीफ करते है।"

'तुम्हे तो जग नहीं लग गई, बडे सान पर चढे दिखाई देते हो।"

'तो इसीपर एक प्यार और दे दो।"

"हटो, मैं ऐसी सस्ती नही हू।"

"मैं कब कहता हू तुम सस्ती या महगी हो। तुम एक औरत हो—सुदर, चचल, रूपवती और शरारती। जमनी मे ऐसी औरतें मुझे बहुत पसद आती थी, लेकिन उस जमाने को बीते हुए एक युग हो गया। अब एक स्वप्न सा मालूम होता है।

फिर विलियम के कधे नीचे को गिर गए। दोनो हाथ पटककर बोला, "और अब वक्त भी कम रह गया है।"

"किस बात के लिए ?'

"प्रेम करने के लिए।"

"प्रेम करने के लिए कभी वक्त कम नही होता, एक क्षण भी एक शताब्दी होता है।" चचल की आखो मे एक हृदय-स्पर्शी चमक थी।

सहसा बाहर का शोर, एक बाढ की तरह भीतर खिडकिया की राह से उमडता हुआ चला आया। हजारा आवाजें एक साथ मिलकर चिल्लाने लगी—"इक्लाब जिंदाबाद।"

चचल अपने आप विलियम की बाहो मे आ गई।

"ये कौन लोग है ?"

"रोबोआ ने फैक्टरी के चारो ओर घेरा डाल दिया है। वही इक्लाब की आवाजें लगा रहे हैं। और इस फैक्टरी म आठ-दस इसाना से अधिक न होगे।'

"हम कैसे इनका सामना कर सकेंगे ?" उसने विलियम से पूछा, और सिर उठाकर विलियम के चेहरे की ओर देखने लगी, और अपनी एक उगली से उसके गाल पर एक फर्जी लकीर सी खीचने लगी।

"रोबोजो से सामना तो हो नही सकता, न हमारे पास हथियार है न इतनी सख्या है हमारी।"

"फिर हम क्या करेंगे ?"

"हमसे अगर तुम्हारा मतलब सबसे है, तो वे सब जानें," विलियम बोला, "और अगर मुझसे है तो मुझे मालूम है क्या कर रहा हू।"

'क्या कर रहे हो ?"

"मैं तुम्ह लेकर वापस जमनी जा रहा हू।"

'जमनी ?" चचल धीमे स्वर मे बोली, कुछ लज्जित-सी, कुछ विस्मित-सी, कुछ शर्मिदा-सी, "जमनी मे कहा जाओगे ?"

"अपने शहर ड्रस्डेन—तुमने शहर ड्रस्डेन नही देखा ?'

चचल ने धीरे से इकार म सिर हिला दिया।

विलियम बोला, "बडा खूबसूरत शहर है। शहर का अधिक भाग तो

मैदान म बसा हुआ है, लेकिन जो अमीर और कला के रसिया हैं, वे पास की पहाडी पर रहते है। वहा पर मेरी एक सुदर-सी कॉटेज है पामरोज की बेला से घिरी हुई। चारो ओर से पाइन के पेडों की सुगध आती है और शहद की मक्खियों की गूज है, और एक पहाडी ट्राम—बिजली स चलनेवाली—धीर-धीर हम पहाड स नीच डुस्डेन के शहर में ले जाएगी, जिसके हिपाटमेटल स्टाज म तुम्हे बहुत ही सुदर ड्रेस दिखाई देंगी।"

"नही नही," चचल, ज़ोर से सिर हिलाकर बोली, "मैं सीमा बीबी को छोडकर कही नहीं जा सकती।"

"क्यो ?"

'इसलिए कि वह मेरी मालकिन है।"

"वह तुम्हारी मालकिन नही है। तुम्हारे मालिक तो इस फैक्टरी म भी नही हैं। वह तो कही तहरान म बसते हैं जिन्हाने तुम्हे यहा जासूसी के लिए भेजा था।'

"तुम्हे कैसे ?" चचल ज़ोर से चिल्लाई। फिर एकदम चुप हो गई। उसका चेहरा फक था। निगाह नीचे गडी हुइ।

विलियम न उसका हाथ अपने हाथ म लेकर कहा, 'दुनिया की सघीय सरकार न तुम्हे जासूस बनाकर यहा भेजा था मगर घबराओ नही, यह बात मेरे सिवा और किसीको मालूम नही है।"

बहुत देर तक खामोशी रही, फिर चचल विलियम के सीने से लगकर बोली, 'लेकिन हम डुस्डेन के लिए इस द्वीप से कैसे निकल सकेंगे ? सुना है अग्रेजो क ज़माने म यह द्वीप कैदियो का कालापानी था। अब फिर यह द्वीप हमारे ऐसे कैदियो के लिए कालापानी बन गया है।"

'तुम घबराओ नही,' विलियम बोला, "बस तुम 'हा' कर दो तो मैं तुम्हे भी अपने साथ ले चलूगा। मैंने श्रीधर से बात कर ली है।"

'श्रीधर वह विद्रोही ?"

"हा, वही विद्रोही अब यहा के रोबोओ का प्रधान है अगर हम निहत्थे यहा से यानी इस फैक्टरी से निकलकर रोबो लोगो से शरण मागेंगे तो श्रीधर ने वादा किया है, वह हमे ड्रस्डेन जाने देगा। मैं श्रीधर से अच्छा व्यवहार करता रहता था, इससे वह मुझसे खुश है।

"दूसरो का क्या होगा ?"

"सबका सोचोगी, तो जो दूसरो की दशा होगी, वही मेरी दशा होगी।"

"नही मैं नही जाऊगी। मैं तुम्हें बहुत पसद करती हू, पर तुम्हारे सग नही जाऊगी।"

"क्या ?"

यह दूसरो से गद्दारी होगी।"

"इस समय 'वफादारी गद्दारी' ऐसे शब्द कोइ अर्थ नहीं रखते। इस समय केवल अपनी जान बचाने का सवाल है। मैं खुद अकेला जा सकता हू, मगर तुम्हारे बिना सारा ड्रस्डेन शहर सूना मालूम होगा।"

चचल ने गहरी निगाहो से उसकी तरफ देखा, धीरे से बोली, "इतना मुझसे प्यार करते हो !"

"न करता तो अकेला भी जा सकता था।"

एक लबी सास लेकर चचल ने अपने आपको उसके हवाले कर दिया, बोली, "अब जहा जी चाहे ले चलो।"

## १०

डॉक्टर पार्किन्ज माइक्रो-वेव का बक्सा लेकर ड्राइंग रूम में घुसा। बोला, "फोन तो कट चुका है, मगर माइक्रो-वेव के इस बक्से को मैंने ठीक करके न्यूयार्क से संबंध स्थापित कर लिया है।"

"दिल्ली का क्या हुआ ?" बादल ने पूछा।

"दिल्ली शहर नष्ट हो चुका है। अब उसपर नकली इंसानों का अधिकार है।"

"और न्यूयॉर्क ?" डाक्टर राबिन हायमर ने बेचैनी से पूछा।

"न्यूयॉर्क पर चांद से बमबारी की जा रही है। चांद पर भेजे गए सब रोबो विद्रोही हो गए हैं। उन्होंने अपने रॉकेट मार मिसाइल का रुख धरती की तरफ फेर दिया है। न्यूयॉर्क की ऊंची-ऊंची अट्टालिकाएं माचिस की तीलियों की भांति जल रही हैं।

"मुझे वह दिन याद आता है जब अमरीकी इंसान ने सब इंसानों से पहले चंद्रमा पर कदम रखा था। उसके बाद हम लोग दूसरे ग्रहों पर जाने वाले थे।"

"लेकिन इंसान अपनी कर्मठता को भूल गया। उसने रोबो बनाने शुरू कर दिए," शेख मकसूद बोला, "इंसान का इसीलिए पतन हुआ कि उसने खुद से काम करना छोड़ दिया।"

"वाशिंगटन की क्या खबर है ?"

"वाशिंगटन तबाह हो चुकी है लंदन बरबाद हो चुका है, पेरिस पर बमबारी की जा रही है, रावलपिंडी खत्म है, टोकियो का नामोनिशान नहीं, मास्को, पेकिंग—सब बड़े बड़े नगरों पर चंद्रमा से रॉकेट मिसाइल फेंके जा रहे हैं। ऊपर चांद से हमला है नीचे रोबोओं का विद्रोह है।"

शेख मकसूद बोला, "हम उसे विद्रोह कहते हैं, रोबो इस अपनी पहली

आजादी की लडाई के नाम से पुकारेंगे।"

किसीने कोई जवाब न दिया।

प्रोफेसर पाटिल, जो दूरबीन लगाए फक्टरी के बाहर का लोह का जगला देख रहा था, यकायक चौककर बोला, "अरे। वहा विलियम जेगर और चचल क्या कर रह हैं ?"

"विलियम जेगर और चचल ?" सीमा के मुह से हैरत की एक हल्की-सी चीख निकल गई। "जरा दूरबीन मुझे देना," उसने प्रोफेसर पाटिल से कहा।

प्राफेसर पाटिल ने उसे दूरबीन द दी। वह दूरबीन से देखने लगी। साथ म कॉमेंट्री देती जा रही थी

"विलियम जेगर लोह के जगले के निकट पहुच गया है—श्रीधर के नजदीक वह उससे हाथ हिला हिलाकर कुछ कह रहा है। श्रीधर इकार म सिर हिला रहा है। वह उसके और पास जाकर श्रीधर की खुशामद करता मालूम होता है। चचल खामोश खडी है जेगर की बगल म श्रीधर जगले का दरवाजा खालना चाहता है मगर नही खुलता, भीतर से ताला लगा है। लबा, तडगा जेगर खुश नजर आता है। उसने छलाग लगाकर जगले को पार कर लिया है श्रीधर ने उसे रास्ता द दिया है मगर जेगर अब जगले के दूसरी तरफ से चचल को उठान म व्यस्त है।"

"मुझे मालूम नही था," राबिन हायमर बोला, "कि जेगर का चचल से कभी कोई सबध था।"

"हाय राम।" कहकर सीमा जोर से चीखी। दूरबीन उसके हाथों से गिर गई। उसने अपना चेहरा अपने दोना हाथो मे लिया और फूट-फूटकर रोने लगी।

बादल उठकर उसके निकट चला गया और उसके कधा पर हाथ रखकर तसल्ली देने लगा।

इतने म डॉक्टर पाटिल्ज ने दूरबीन उठा ली थी। वह चद मिनट तक खामोशी से दूरबीन मे दखता रहा। फिर कुछ कह बगैर उसने दूरबीन अपनी आखो मे हटाकर तिपाई पर रख दी।

सब उसकी तरफ खामोशी से देखने लग।

डाक्टर पाटिल्ज ने सिर झुकाए हुए कहा "उन्होने उन दोनो को खत्म कर दिया है।"

"रोबो औरतो का भी सम्मान नही करत ?"

"हमने ही उन्हें ऐसा बनाया है। उनके भीतर केवल काम करने का बोध है, बाकी अन्य इद्रिय बोध हमने उनम पदा न होने दिए तो अब गिला व्यथ है।' शेख अपनी छोटी सी दाढी पर हाथ फेरता हुआ बोला।

"लेकिन श्रीधर ने तो उन्हें गाने की अनुमति दी थी, कम से कम दूरबीन से तो एसा लगता था,' जावद बोला।

'श्रीधर रोबोआ का लीडर है, और लीडर लोग केवल अपनी राजनीति की परवाह करते है इसानी जानो की उन्हे परवाह नहीं होती। और अगर श्रीधर रोबोआ का लीडर है तो वह कसे रोबोओ से गद्दारी कर सकता था। सभव है रोबो उसे ही कुचल डालते।" रोबिन हायमर ने जवाब दिया।

बुड्ढा डाक्टर पाटिल घबराकर बोला, 'अब वे लोग क्या कर रहे है ?'

"वे सब लाग फैक्टरी के लोहे के जगले से लगकर एक दीवार की तरह खड हैं—चेहरों की दीवार, क्योकि एक रोबो को दूसरे रोबो से अलग करके पहचानना कभी कभी बहुत कठिन हो जाता है क्योकि हमने उन्हें एक ही साचे और ठप्पे म ढाल दिया था।

'वर्ना हर साचा भिन्न होता और लागत अधिक आती। हम प्रकृति की तरह मूख नही हैं कि हर रोबो को हर इसान की तरह अलग चेहरे

देने," वादल वोला। "लेकिन हमने उनको अलग अलग नवर तो दिए "

'ताकि कारखाने मे हाजिरी के वक्त गिनने मे आसानी रहे।"

"रोवो कभी अपने काम के प्रति गाफिल नही रहते, उन्हें मालूम ही नही छुट्टी क्या चीज है, मनोरजन किसे कहते हैं।"

"कभी कभी मैं सोचता हू," डाक्टर पाटिल बोले, "हमने इस द्वीप म औरतो को निषिद्ध करार देकर बडी भूल की। औरतें तहजीब लाती हैं और शराफत की नरमी और सहानुभूति की कामलता, और आसू और मासूमियत—वे सब चीजें हमने खो दी। रोवो बनाते बनाते हम खुद रोवो से हो गए।"

"दूसरी तरफ यह बात भी है," बादल बोला, "अगर आज ज्यादा औरतें होती तो उनकी भी वही दशा होती जो चचल की हुई।'

सीमा का सारा शरीर काप गया। उसने अपना चेहरा फिर अपने हाथो म छिपा लिया।

डॉक्टर पार्किन्ज ने बात का रुख बदलने की खातिर कहा, "अब वे लाग क्या कर रहे है ? '

जावेद बोला क्याकि अब उसने दूरबीन उठा ली थी, "वह इस कदर खामोश चुपचाप जगले से लगे क्या खडे है ? लगता है, जसे खामोशी ने हमे चारो तरफ से घेर लिया है।"

बादल बोला, "जाने उनके दिल मे क्या है ? वह किस चीज का या किस वक्त का या किस सिग्नल का इन्तजार कर रहे है ? वह कुछ करते क्यो नही ?"

"ऐसे न कहो बादल," जावेद कापकर बोला, "वे सख्या मे इतने ज्यादा हैं कि अगर जगले पर ज्यादा जोर दें, तो जगला माचिस की तीली की तरह टूट जाएगा।"

"मगर उनके पास हथियार तो नही हैं ?" डाक्टर पाटिल ने अपने

दिल को तसल्ली देनी चाही।

"हथियार न होने से क्या होता है।" शेख मकसूद बोला, "वे लोग संख्या में इतने ज्यादा हैं कि हम लोग पांच मिनट से ज्यादा उनके सामने ठहर नहीं सकेंगे। वे एक बिफरे हुए तूफान की तरह हम डुबाते हुए हमारे सिरों को कुचलकर चले जाएंगे।"

सहसा जावेद मलिक को कुछ याद आया, वह खुशी से उछल पड़ा, बोला, 'मेरे काम करने के कमरे में एक बिजली की मोटर पड़ी है। मैं उसकी सहायता से एक नये प्रकार का रोबो तैयार कर रहा था, जो अब तीन चौथाई पूर्ण हो चुका है। भीम, रुस्तम और हरक्युलिस के सारे गुणों को उसमें इकट्ठा कर दिया है। मैं इसका नाम 'अर्जुन' रखना चाहता हूं।'

'जल्दी बात करो, क्या कहना चाहते हो?" बादल बेचैनी से बोला।

'इस बिजली की मोटर को मैं यहां ले आता हूं और उसके तार इन टूटे हुए तारों से जोड़कर सारे लोहे के जंगले को विद्युतमय कर देता हूं, ज्योंही विद्युत् धारा जंगले में दौड़ेगी, जो रोबो उसे हाथ लगाएगा या स्पर्श करेगा उसी समय बिजली के झटके से खत्म हो जाएगा।'

"तो फौरन ले आओ बिजली की इस मोटर को।"

लेकिन भारी है, जावेद बोला, "मैं अकेला उसे उठा न सकूंगा।'

रॉबिन हायमर उठकर खड़ा हुआ, "मैं तुम्हारे साथ चलता हूं।

जब रॉबिन हायमर और जावेद चले गए तो डॉक्टर पार्थिव ने फिर दूरबीन उठा ली। कुछ क्षणों की खामोशी के बाद उसने बादल से कहा, "बीमार रोबो अजीब गुस्ताख बन रहा है माई गॉड!

'क्या हुआ?'

"उसने उत्पात मचाकर जंगल को पार कर लिया है और अब वह दूसरे रोबो को भीतर आने का ... कर रहा है।' डॉक्टर पार्थिव ...

जल्दी कहने लगा, "दो रोबो और अदर आ गए पाच और "

शेख मकसूद बाला, "अगर इस वक्त जल्दी से रोबिन हायमर और जावद नही आते हैं तो समझ लो हम खत्म हैं।"

सीमा ड्राइगरूम से उठकर दौडी। दौडी-दौडी अपने कमरे में गई। थोडी देर के बाद एक दद भरी रागिनी सीमा के कमरे से आने लगी। सीमा सितार बजा रही थी।

"अगर सीमा सितार बजा सकती है," शेख मक्सूद बोला, "तो समझो अभी दुनिया खत्म नहीं हुई।"

"नहीं, यह बात नही है," बादल बोला, "जब सीमा के दिल म कोई नया विचार या नई तरकीब आती है तो वह अपनी बुद्धि म उसकी तस्वीर सही तौर पर समझने के लिए सितार बजाने लगती है। सगीत से उसकी कल्पना का पख लग जाते है। वह जरूर इस वक्त कुछ सोच रही है।"

"दस और रोबो जगले को पार करके भीतर आ गए हैं," डॉक्टर पार्किन्ज ने दूरबीन से देखते हुए कहा, "वे सब फैक्टरी के भीतर आ रहे हैं।"

बलवत सिंह और मक्सूद दोनो बारी-बारी से कहने लगे, "यहा तक आने म उन्हे बहुत देर लगेगी।"

"ज्यादा देर तो नही, लेकिन आधा-पौना घटा जरूर लग जाएगा। हमने इधर आने वाली सीढिया का लोह-द्वार बद कर दिया है और फक्टरी के गेट को भी बन्द कर दिया है सिफ बिजली घर की तरफ हम न जा सके।"

डॉक्टर पाटिल ने निराशा से सिर हिलाकर कहा, "हम चारो ओर से घिर चुके हैं।"

मोटर लेकर आ गए।

"इतनी देर क्या कर दी ?"

जावेद मलिक तार से तार जोडते हुए बोला, "मैं डॉक्टर रोबिन हायमर से नय रोबो के दिमाग के विषय मे राय ले रहा था डाक्टर राबिन हायमर ने इसके दिमाग को ठीक कर दिया है।"

"हा," डॉक्टर रोबिन हायमर बोला, 'बेहद सुदर, सुगठित और प्रभावशाली शरीर बनाया है। जावेद ने और मैंने इस रोबो को बेहतरीन दिमाग देकर सुला दिया है। वह अब सात साल तक सोता रहेगा।"

जावेद बोला, "उसे सोने दो। जब तक अर्जुन सोता रहेगा, महाभारत का युद्ध नही छिडेगा, रुस्तम-सोहराब की कहानी नही दोहराई जाएगी हरक्यूलिस को धरती का बोझ, अपने कधो पर नही लेना पडेगा, वह नीद की जजीर से जकडा रूह की बेचैन अग्नि नही चुरा सकेगा।'

"बिजली दौडाओ।" डॉक्टर पार्किन्ज बोला, "जल्दी से बिजली दौडाओ उस लोहे के जगले म वर्ना सब रोबो भीतर आ जाएग आह!'

"क्या हुआ ?'

बिजली की धारा जगले म चलने लगी। अठारह हजार वोल्ट की बिजली ने गेवाओ की पहली पक्ति को जो जगले म लगी खडी थी, जलाकर राख कर दिया है।"

"बलवत सिह कहा है ?" बादल ने पूछा।

'नीचे कमरे से हिसाब-किताब का खाता लाने गया है," शेख मक्सूद ने कहा।

'इस समय उसका क्या काम है ? क्या तुक है ?"

"मरते समय हिसाब किताब की सूझी है जनाब को।"

इतने म बलवत सिह लेजर उठाए हुए कमरे के अदर आ गया। जब

उसके सामने उसके साथियो ने फिर वही सवाल किया तो वह बोला, "मैं समझता हू कि हिसाब किताब होना चाहिए। पूव इसके कि पूव इसके कि मेरा मतलब है सभव है नया वष हमारे जीवन म न आए और हिसाब किताब कभी न हो।"

"क्या दिखाई दे रहा है ?" डाक्टर पाटिल ने ऐसे इत्मीनान स पूछा जिस केवल घोर निराशा ही पैदा कर सकती है।

"कुछ नही," डॉक्टर पार्किन्ज बोला, "हर तरफ नीला ही नीला रग दिखाई पड रहा है।"

"रोबो की वर्दी का रग।" बादल ने होठ सिकोड लिए।

डॉक्टर पार्किन्ज बोला, "वे लोग डाक के समुद्री जहाज से अब हथियार उतार रहे ह।'

"तो मैं उन्ह कैसे रोक सकता हू ?" रोबिन हायमर झल्लाकर बोला।

"माई गाड।' पार्किन्ज चिल्ला उठा, "अतिम जहाज ने अपनी तोपो के मुख हमारे घर की तरफ कर दिए हे।"

' तोपो के मुखो से कुछ मिनट के लिए गोले बरसेंगे उफ, फिर सब खत्म "

"खत्म यानी अत " डॉक्टर पाटिल बोला, ' अत से 'अतिम ! अतिम नाम जहाज का खूब रखा है किसीने।"

"मालूम होता है रोबो म हास्य वृत्ति जाग रही है" डॉक्टर पार्किन्ज ने कहा।

"हास्य वृत्ति के बारे मे कुछ नही कहा जा सकता," डॉक्टर रोबिन हायमर ने धीरे से भयावह स्वर म कहा, ' इतना जरूर जानता हू कि रोबो का निशाना कभी चूका नही करता।"

"यह बात सब जानते है," कुर्सी पर बठे बैठे पार्किन्ज के शरीर म

एक झुरझुरी सी आई और उसने दूरबीन रोबिन हायमर को दे दी, और खुद टागें सीधी करते हुए बोला, "यूरोप वालो ने बहुत बुरा किया जो रोबोओ को लडना सिखा दिया, वना इत्मीनान की बात है कि अपना नकली इसान बडे काम का था। लेकिन उन्होने नकली इसाना से असली इसानो का काम लेना शुरू कर दिया और उन्हे लडने-झगडने मे माहिर बना दिया।"

"हालाकि इन गुणो मे हमारी पूरी इजारेदारी थी।" शेख मकसूद ने किसी कदर तलखी से कहा, "उन्हे सिपाही बना देना गलत था।'

"मैं कहता हू, उन्हे रोबो बनाना ही गलत था" बलवत बोला।

बादल बोला 'नही, बलवत, मैं आज भी यह बात मानने के लिए तैयार नही हू कि हमने उनका निर्माण करके कोई भूल की।'

"आज भी नही मानोगे?' बलवन बोला।

"आज भी नही," बादल गर्व से बोला, आज इसानी सभ्यता का अतिम दिन है, लेकिन आज भी मैं अपनी भूल स्वीकार करने से इकार करता हू।"

बलवत लेजर के हिसाब किताब मे लग गया। गिनते हुए बोला, "आठ करोड नौ सौ पद्रह रुपये।'

बादल खिडकी से बाहर देखते हुए रोबिन हायमर से बोला, 'डॉक्टर रोबिन हायमर, हम शायद जीवन के अतिम क्षणो मे एक-दूसरे स बातचीत कर रहे हैं। शायद हमारे वार्तालाप का आधा भाग दूसरी दुनिया की तरफ पहुच रहा है। मगर मेरे पिता का स्वप्न बुरा नही था। काम की गुलामी को तोडने के लिए उन्होने रोबो का आविष्कार किया। जीवन बहुत कठिन था, कडुवाहट और काम से चूर-चूर कर देनेवाला—इसलिए उन्होने रोबो का आविष्कार किया—एक नकली इसान का जो असली इसान की थकान दूर कर सके, उसे बडे कामो से

मुक्ति दिला सके "

"मैं जानता हू तुम्हारे पिता जी के दिमाग मे यही था," पाटिल बोला, "लेकिन हम लोग केवल आदशवादी न थे, मैंने चालीस वप उनके साथ काम किया है, मैं जानता हू ज्यो ज्यो हम रोबो बनाते गए, लाभ का मैदान बडा होता गया, लाभ का भूत हमारे मस्तिष्क पर सवार होता गया—बिल्कुल उसी तरह जिस तरह हम रोबो पर सवार थे, रोबो हमारा गुलाम था, हम लाभ के गुलाम होते गए।"

"मैं अपनी बात करूगा," बादल छाती ठोककर बोला, "मैंने कभी लाभ का खयाल नही किया। मैंने अपनी रचना को पूण करने के लिए काम किया—काम के लिए काम, जिससे इसान काम का गुलाम न रहे। काम किसलिए ? एक रोटी के लिए ? छी ! क्या इसानी सभ्यता की यही पराकाष्ठा थी ? मैंने आप सब लोगो के साथ काम किया, ताकि इसान को रोटी की गुलामी से मुक्ति दिला सकू। मैं इस गदी अथ व्यवस्था से इसानियत को ऊपर उठाना चाहता था गरीबी को सदा के लिए दूर कर देना चाहता था। मैंने इसानो की एक नई नस्ल का स्वप्न देखा था।"

'फिर क्या हुआ ?" पार्किन्स बोला।

'मैं दुनिया के इसानो को स्वग का नमूना देना चाहता था, जिसमे वह दूध, रोटी और कपडा, घर और शिक्षा के तकाजो से लाखो-करोडो रोबो की सहायता से ऊपर उठाकर हर समस्या को हल करते हुए इसानियत का एक नया रूप पा लेते। यह मेरे पिता का स्वप्न था। बस अगर एक सौ साल हमे और मिल जाते—सिफ एक सौ साल, फिर तुम देखते "

"पचास करोड नौ लाख सत्तावन हजार आठ सौ रुपये " बलवत लेजर से गिनते हुए बोला।

फिर खामोशी छा गई।

सीमा के कमर के सितार की धुन ऊंची होने लगी।

"संगीत भी इंसान को ऊपर उठाता है," पार्किंज बोला, "हम कुछ उधर भी ध्यान देना चाहिए था। रोबो और रुपये के अलावा कुछ और वाले भी हैं, जो इंसान को ऊंचा ले जा सकती थी।"

"उदाहरण के लिए?" बादल ने पूछा।

"उदाहरण के लिए संगीत" जावेद बोला, "रूप, कोमलता, प्रेम की एक दृष्टि, ओस से भीगे कमल की पत्ती, ओस की हरएक बूंद, हीरे की तरह चमकती हुई! हम सब इन बातों को भूल गए और लोभ के तहखाने में जा घुसे, वर्ना दुनिया बड़ी खूबसूरत थी।"

"और अब अट्ठासी लाख रुपये!" बलवंत सिंह ने गिनते हुए कहा।

"शायद जिस दिन यह फैक्टरी बनी थी, जिस दिन हमने अपनी जिम्मेदारी नकली इंसान को सौंप दी थी, शायद हम उसी दिन मर गए थे।" गबिन हायमर दुःख से सिर हिलाते हुए बोला, "शायद हम अपने भूत हैं जो सौ वर्ष के साया की तरह इस फैक्टरी पर मंडरा रहे हैं, जिसपर कुछ मिनटों के बाद रोबोओं का अधिकार हो जाने वाला है। लगता है जैसे यह सब कुछ हो चुका, आज का क्षण भूत में खो चुका। मेरी गर्दन पर एक घातक जख्म है जिससे खून रिस रहा है। तुम पार्किंज, तुम्हारी पीठ में रोबो ने एक खंजर भोंक दिया है कुछ मिनट के बाद आने वाले भविष्य को हम भूत की आंख से क्यों न देखें"

"सात अरब इकहत्तर करोड़ और और" बलवंत सिंह बोला, "यह कसूर किसका है?"

"हमारा भी कसूर हो सकता है," शेख मकसूद बोला, "हमने मुनाफे की रकम बनाने के लिए उन्हें इतनी संख्या में मैनुफैक्चर किया कि वे सारी दुनिया पर छाते चले गए, और इंसान इसी हिसाब से कम होते चले गए।"

रोबिन हायमर दूरबीन से देखते हुए बोला, "मुझे अभी भी खयाल आता है शायद इसान इतनी जल्दी, और यो खत्म नही हो सकते "

सहसा जावेद उठ खडा हुआ और सिर झुकाकर बोला, "कसूर मेरा है सारा अपराध मेरा है ।"

"तुम्हारा ?" डॉक्टर पाटिल आश्चय से जावेद की तरफ देखने लगा ।

"हा । मैंने नकली इसान के शरीर मे आपको बताए बिना कई परिवतन कर दिए ।"

"यह तुम क्या कह रहे हो ?" बादल घबराकर बोला ।

"मैंने रोबो का कैरेक्टर ही बदल दिया । शरीर मे कुछ परिवतनो और उनके साइकोलॉजी मे कुछ और नया जोड देने से उनका व्यक्तित्व ही बदल गया ।"

"लेकिन तुमने ऐसा किया क्यो ?" डॉक्टर पार्किन्ज ने पूछा ।

"और किसलिए किया ?" डॉक्टर पाटिल ने पूछा ।

"और हम लोगो को बताया तक नही !" शेख मकसूद ने शिकायत करते हुए कहा ।

' मैं इन परिवतनो को धीरे धीरे खामोशी से और पोशीदगी से करता रहा । मैंने यह रहस्य हर एक से छिपाए रखा, सिवाय एक के । मैं धीरे धीरे इन्हे मानव-स्तर पर लाना चाहता था । काम करने की शक्ति और क्षमता मे वे पहले ही हमसे बेहतर हो चुके थे ।"

डॉक्टर रोबिन हायमर ने पहली बार जबान खोली, बोला, "लेकिन उससे इस विद्रोह का क्या सबध, जो इस समय रोबोओ ने किया है ?"

"मेरा खयाल है, रोबो के विद्रोह का इस परिवतन से गहरा सबध है," जावेद बोला, "वे अब मशीन नही हैं, उन्हे अपनी श्रेष्ठ शक्ति का एहसास हो चुका, और वे हमसे नफरत करने लगे हैं, क्योकि हम अब भी

उन्हें मशीन समझकर उनसे वैसा ही व्यवहार करते हैं, जिससे उनके दिल में हर इंसान के लिए नफरत पैदा हो चली है। इन नये नक्ली इंसानों ने, जिन्हें मैं रोबो के बजाय टोबो कहना अधिक पसंद करूंगा, मैंने घंटों बातें भी की हैं, और उनके घृणा के तत्व को समझने और बदलने की कोशिश भी की है। जहां तक मेरा खयाल है, वे मुझसे नफरत नहीं करते क्योंकि मैंने उन्हें मशीन नहीं रहने दिया। लेकिन आम तौर पर इंसानों से नफरत करने से मैं उन्हें रोके नहीं रख सका। और जब मैंने यह नफरत देख ली तो मैंने ऐसे और रोबो बनाने बंद कर दिए और "

"ठहरो," बादल ने उसे रोककर कहा, "तुम स्वीकार करते हो कि तुमने रोबो में कई गैर कानूनी परिवर्तन पैदा कर दिए ?"

'हां।

"तो तुम्हें इसका भी अंदाजा होगा कि इन परिवर्तनों का असर क्या होगा "

"कुछ कुछ अंदाजा था, पूरा अंदाजा नहीं था।"

"तुमने ऐसा क्यों किया जावेद ?" बादल के लहजे में गिला था।

'अपने लिए सिर्फ तजुर्बे के लिए, तजुर्बे का अधिकार तो हर वैज्ञानिक को है।"

"यह सच नहीं है।"

यह सीमा की आवाज़ थी। वह अब कमरे से बाहर निकल खामोशी से ड्राइंगरूम में चली आई थी। वे लोग अपनी बहस में इस कदर उलझे हुए थे कि उन्हें सीमा के आने का फौरन पता नहीं चला। लेकिन जब सीमा ने कहा, "यह सच नहीं है," तो सबकी निगाहें घूमकर सीमा पर केंद्रित हो गईं।

बादल सीमा के पास जाकर कहने लगा, 'ओह सीमा! मरना बहुत मुश्किल है और तुम्हें देखकर जीवन की सुंदरता का अंदाज़ा होता है। मेरे

पास रहो, इन अंतिम क्षणों में "

"मैं तुम्हें छोडकर नहीं जा रही हूं, बादल," सीमा ने अपने पति से कहा, फिर जावेद की तरफ मुड़कर बोली, "लेकिन जावेद अकेला उसके लिए अपराधी नहीं है।"

"नहीं है ?' डॉक्टर पार्किन्ज ने दोहराया।

"हां। उसने ये तजुर्बे इसलिए किए कि मैं उसे उकसाती रही। अब वह दू न, जावेद, कितने वर्षों से मैं तुम्हें इन परिवर्तनों के लिए कह रही थी ?"

"नहीं, मैंने अपनी ज़िम्मेदारी पर परिवर्तन किए, और इन परिवर्तनों के लिए पूर्ण रूप से मैं ज़िम्मेदार हूं।"

"इसकी बात का विश्वास न करो, मैंने जावेद से कहा था वह रोबो को एक रूह दे दे।"

"यहां रूहों की कोई बात नहीं हो रही है," बादल बोला, "खुद, जावेद मानता है कि उसने रोबो के शरीर में कुछ मानसिक और कुछ शारीरिक परिवर्तन किए जिससे वह इंसानों के कुछ करीब हो सकें—कुछ मामूली परिवर्तन "

"लेकिन परिवर्तन बहुत अहम साबित हुए " सीमा बोली।

"कैसे ?" बादल ने पूछा।

"मैंने सोचा, इन परिवर्तनों के बाद उनका इंसानी गठन और मानसिक स्तर इस प्रकार का हो जाएगा कि वे हमारे अधिक निकट आ जाएंगे, और जब निकट आएंगे तो हमें बेहतर तौर पर समझ सकेंगे और अगर वे इंसान की तरह हो जाएंगे तो उनके लिए नफरत करना बहुत मुश्किल हो जाएगा।

डॉक्टर रोबिन हायमर ने एक कड़वी हंसी के साथ कहा, "यह तुम्हारी गलती थी। इंसान से ज्यादा कोई नफरत नहीं कर सकता।"

"यू न कहो डॉक्टर हायमर " सीमा ज़रा नर्मी से बोली, "मुझे इन नकली इसानो और असली इसानो के बीच अजनबीपन की यह दीवार बहुत बुरी लगती थी। मैंने उस दीवार को ढाना चाहा, इसलिए मैंने जावेद से कहा "

'और जावेद ने वैसा ही किया, जैसा तुमने कहा ?"

हां—अफसोस है कि क्यो मैंने उससे ऐसा कहा था।"

जावेद बोला "नही सच नही है। मैंने अपनी खातिर अपनी खुशी की खातिर तजुर्बे किए। सारी जिम्मेदारी मेरी है।"

'जिम्मेदारी मेरी है। मैं जानती थी जावेद मुझे इकार न कर सकेगा।"

'क्या ?" डाक्टर राबिन हायमर ने पूछा।

"मैं जानता हू,' बादल बोला "जावेद शुरू ही से—पहले ही दिन से सीमा से प्यार करता था, भाग्य ने उसका साथ नही दिया।'

डॉक्टर पाटिल, जो इन सब वैज्ञानिकों से बुजुर्ग था, बल्कि लगभग स्वर्गीय डाक्टर घोष की आयु का था, अपने सोफे से उठकर जावेद के पास गया और उससे पूछने लगा, 'जावेद, कब से तुमने यह तजुर्बे शुरू किए ?"

"कोई तीन वर्ष हो गए।"

डाक्टर रोबिन हायमर बोला, अपनी लेबोरेटरी मे तजुर्बे करना कोई अपराध नही है, मैं जानता हू कि डाक्टर जावेद मलिक ने अपनी लेबोरेटरी मे एक ऐसी रोबो मादा तैयार की है, जो हूबहू सीमा से मिलती है। मगर उसमे इसान की-सी ज़िंदगी और रूह नही आई। मैंने उसे देखा है। वह ऐसी लगती है जैसे वह स्वप्न मे चल रही हो और शून्य मे घूम रही हो, उसकी आखें अलौकिक है। मैंने अभी इसकी लेबोरेटरी मे इसके अर्जुन को देखा है। खूबसूरत इसान का श्रेष्ठतम नमूना ! मगर वह सो रहा है। कोई ऐसी दवा दी है डाक्टर जावेद ने उसे, कि वह सात वर्ष तक सोता रहेगा।

सात वष के बाद क्या होगा, कौन जाने।"

"यहा यह फिक्र है सात मिनट के बाद क्या हाने वाला है ?" शेख मक्सूद ने धीरे से कहा।

डॉक्टर पाटिल ने अपनी ठुड्डी पर हाथ रखकर कुछ साचा, फिर जावेद से पूछा, "और ऐसे रोबा या टोबो तुमने कितन बनाए हैं ?"

"कोई तीन सौ के करीब हागे यानी उन दो को छोडकर जो मेरी लेबोरेटरी म हैं, बाकी सब मैंन फैक्टरी मे बनाए हैं।"

"इसका मतलब यह हुआ," पाटिल सोच-सोचकर बोला, "कि करोडो की सख्या मे कुछ सौ रोबो बदल गए है। इससे कोई फक नही पडता।"

'बशक इस अनुपात से कोई फक नही पडता।" डाक्टर रोबिन हायमर बोला, 'पर मुसीबत की बात तो रोबोओ की सख्या है।"

"क्या ?" पाटिल बोला।

"सख्या, प्रोफेसर पाटिल, हमने रोबो इतनी सख्या मे ससार-भर म सप्लाई किए है कि उनकी सख्या हर वष इसानो की सख्या से बढती चली गई है। इसका नतीजा और क्या होता, अगर यू न होता तो और क्या होता ?"

"क्या तुम मुझे जिम्मेदार ठहरा रहे हो ?" बादल ने भडककर पूछा।

डाक्टर पार्किन्ज ने बादल का पक्ष लेते हुए कहा 'शायद आप लोग यह समझ रहे है कि फक्टरी का मनेजमेट रोबोओं को कट्रोल करना है, यह गलत है। यह रोबोजो की माग है, जो सप्लाई को हर वष बढाती रही है।"

'और इस बढती हुई माग, और उसे पूरा करनेवाली सप्लाई के चक्कर मे इसान को खत्म होना होगा।" सीमा ने घृणासूचक स्वर मे कहा।

"कौन मरना चाहता है !" बादल ने सीमा से पूछा। "हम सब जल्द से जल्द इस सकट से छुटकारा पाने की सोच रहे है।"

"ग्यारह अरब नौ सौ इकहत्तर रुपये।" बलवत लेजर बद करते हुए बोला, "एक तरकीब मेरी बुद्धि म आई है।"

"कहो।"

"छोडो भी।" पार्किन्ज उदासीनता से बोला, "अब कोई तरकीब काम नही करेगी।"

"मगर हम कोशिश तो कर सकते हैं," बलवत बोला, "मेरी तरकीब बहुत अच्छी है। मुझे आप लोग अनुमति दें तो मैं रोबोआ से इसके लिए बातचीत शुरू कर सकता हू।"

"तुम्हारी भी वही दशा होगी, जो चचल और जेगर की हुई।"

"हो सकता है," बलवत बोला "और अगर मेरी तरकीब सफल रही तो सबके प्राण भी बच सकते हैं।"

"ऐसी कोई तरकीब है तुम्हारी ?" बादल ने पूछा।

बलवत बोला, "मैं उनसे कहूगा—सुदर रोबो, बुद्धिमान रोबो, आपके पास सब कुछ है, शक्ति है, बुद्धिमत्ता है और अब तुम्हारे पास हथियार भी है, पर एक छोटी-सी चीज की कमी है—कागज के पुर्जे की ।"

बादल खुशी से उछलकर कहने लगा, "मरे स्वर्गीय पिता के बनाए हुए फामूले की जो सेफ मे बद है।"

"हा।" बलवत बोला, "और मैं उनसे कहूगा—रोबो साहेबान, उस फामूले के भीतर आपकी उत्पत्ति का रहस्य बद है और उस कागज के पुर्जे को प्राप्त किए बिना आप लोग अपनी सख्या मे एक रोबो की भी वृद्धि नही कर सकते। अगले तीस वर्षों मे इस दुनिया मे एक रोबो भी जीवित नही रहेगा, जरा सोचिए, हम मारकर आपकी स्थिति क्या होगी, कैसा ददनाक अजाम रहेगा आपका भी ? इसलिए आदरणीय रोबो, महिलाओ और सज्जनो, क्या आप मुझे सुन रह हैं ? अगर आप हमारी जान बख्श दें।"

बलवत के चेहरे पर अब एक आत्मविश्वास की लालिमा आ चुकी थी।

"यदि आप हमारी जान बख्श दें और हमें 'अतिम' जहाज पर किसी अलग थलग द्वीप की ओर सही-सलामत जाने दें, तो हम यह फैक्टरी, इसका सारा साजो-सामान उस रहस्यमय फार्मूले सहित आपको भेंट कर देंगे बस यही मेरी तजवीज है माननीय रोबो, हमारी जिंदगी बख्श दो, अपनी उत्पत्ति का रहस्य ज्ञात कर लो "

बादल बोला, "बलवत, क्या तुम इसे मुनासिब समझते हो ?"

"हा," बलवत बोला, "अगर यू न होगा तो हम सबकी जान जाएगी, और वे एक दिन सेफ खोलकर रहस्य को ज्ञात कर लेंगे "

बादल बोला, "हम उस फार्मूले वाले कागजो को नष्ट भी कर सकते हैं।"

"तो हम अपन जीवन की अतिम आशा से हाथ धो बठेंगे," बलवत न उत्तर दिया।

"इस द्वीप पर हम लोग तीस चालीस से अधिक न होंगे। फार्मूला बेचकर सभव है, हम अपनी जान बचा लें, पर कब तक ? फार्मूले पर अमल करके वे लाग अपनी सख्या बढाते जाएगे और आखिरकार फिर हमारे उस द्वीप पर आक्रमण करके एक ही बार म हमको खत्म कर देंगे।" बादल बोला।

बलवत ने हसकर कहा, "कौन अहमक उन्हे पूरे फार्मूले के कागजो को भेंट करेगा ?"

बादल ने कहा, 'मैं धोखा घडी के विरुद्ध हू।"

"तो ठीक है, बाद मे अपने द्वीप पर सुरक्षित पहुचकर उन्ह शेष भाग उस मसौदे का भिजवा देंगे। हिसाब किताब यह बैठता है कि मैं बात चीत करता हू। रोबो मान जाते है। अधूरा फार्मूला उनको भेंट किया

जाता है। हम सब लोग सही-सलामत जहाज पर रवाना होते हैं। उसके बाद मैं खामोशी से अपने केबिन में बंद होकर अपने कानों में रूई ठूस लेता हूं और उस वक्त ..."

"उस वक्त ..." राबिन हायमर ने खुश होकर कहा 'उस वक्त 'अंतिम' जहाज की तोपों के मुख इस फैक्टरी की ओर मोड़ दिए जाएंगे और कुछ मिनट ही में यह रोबो बनानेवाली संसार की अकेली फैक्टरी नष्ट भ्रष्ट हो जाएगी और उसके साथ ही स्वर्गीय पाप का फामूला भी सदा-सदा के लिए समाप्त हो जाएगा।

शेख मक्सूद उठकर कहने लगा, "मैं इस योजना के खिलाफ हूं।'

"तुम ... डॉक्टर पार्किन्ज, तुम्हारी क्या राय है ?" बादल ने पूछा।

"बेच दो।"

'तुम ... डॉक्टर रोबिन हायमर।'

'बेच दो।"

"आप क्या कहते हैं, डाक्टर पाटिल ?'

"इंसानियत के बचाव के लिए इस फार्मूले को बेचना ही पड़ेगा।'

"कैसा भयानक निर्णय है ?" बादल बोला, "फामूला देकर हम अपने आपको बचा सकते हैं और इस प्रकार से इंसान को भी इस धरती से नेस्तो नाबूद होने से बचा सकते हैं। दूसरी ओर इस बात का डर है कि रोबो लोग अपने वचन पर कायम न रहें और पूर्व इसके कि हम उन्हें नष्ट करें वे हमें बर्बाद कर दें ..."

मगर अब दूसरा कोई चारा ही नहीं है।"

'हां, अब ऐसा ही करना होगा' बादल बोला।

'मगर तुमने मुझसे तो पूछा ही नहीं," सीमा बादल से कहने लगी।

बादल ने मुस्करा कर सीमा की ओर देखा क्योंकि अब उसे बलवन की योजना पर यकीन-सा आ चला था। वह मुस्कराते, बल्कि लगभग

हसते हुए सीमा को अपनी बाहों में लेकर चकफेरियां लगाते हुए खुशी से कहने लगा, "हसीना मान जाएगी हसीना मान जाएगी ।"

## ११

जब बादल सेफ में से फार्मूले का मसौदा लेने भीतर चला गया, तो सीमा को बेचैन देखकर बुजुर्ग डॉक्टर पाटिल ने उसे तसल्ली देते हुए कहा, "घबराओ नहीं बेटा, सब ठीक हो जाएगा।"

"समझाने की बातचीत कौन शुरू करेगा ?" डॉक्टर पार्किन्ज ने पूछा।

शेख मकसूद ने कहा, "वह सिलसिला मैं शुरू करूंगा। रोबोओं का स्वभाव मैं अच्छी तरह जानता हूं।"

डॉक्टर पार्किन्ज ने बंदरगाह की खिड़की से बाहर देखते हुए कहा, "भगवान करे किसी तरह इन रोबोओं से मुक्ति मिल जाए, ताकि हम असली इंसानी जिंदगी को बाकी रख सकें। चाहे दूर-दराज में किसी एक द्वीप पर ही सही, मगर वहां रहकर फिर से जिंदगी शुरू कर सकते हैं तह खाने की घुटी हुई बंद जिंदगी नहीं, बल्कि धूप, वर्षा, हवा, हरियाली, बादल, आकाश और पैरों में आनेवाले पत्थर-कंकड़ों और बालू-कणों को महसूस करते हुए खुले वातावरण में दौड़ने वाली जिंदगी। उस जिंदगी के लिए मैं क्या नहीं दे सकता ?"

सीमा के गले से एक सिसकी-सी निकली, बोली, "ऐसी बातें अब मत करो, बहुत देर हो चुकी है।"

रोबिन हायमर बोला, "नही, मैडम, जिंदगी शुरू करने के लिए कभी देर नही होती। एक दफा रोबो मान जाए, हमे 'अतिम' जहाज पर जाने दें, फिर सब ठीक हो जाएगा। मैं खुद उस द्वीप मे तुम्हारे लिए अपने हाथो से एक लकडी का बगला बनाऊंगा, जिसम तुम एक रानी की तरह रह सकोगी।"

'चुप हो जाओ, हायमर सीमा सिसकते हुए बोली "अब पुरान स्वप्नो को याद मत करो, बहुत देर हो चुकी है।'

पाटिल बोला, 'मेरे लिए यू भी वक्त बहुत कम रह गया है, मगर मैं इन वहशी रोबोओ के हाथो मरना नही चाहता, जिनका निर्माण हमन खुद किया है। इसका मतलब यह होता है कि ऊचे स्तर का जीवन नीचे स्तर के जीवन से हार गया, तुच्छ पदाथ ने जिंदगी की पुरपेच बनावट पर विजय पाई, दिल नही मानता "

"और वह छोटा सा द्वीप ' रोबिन हायमर फिर धीरे धीरे वही स्वप्न देखने लगा, "वह छोटा-सा द्वीप हमारे भविष्य भविष्य की जिंदगी का केंद्र होगा, एक ऐसा आश्रय-स्थल जहा से हम कुछ सौ वर्ष के बाद फिर से इस ससार का विजय कर सकेंगे।"

डाक्टर पार्किन्ज बोला "इस खतरनाक बिंदु पर पहुचकर भी तुम्ह उस भविष्य का विश्वास है?"

'हा," राबिन हायमर ने दृढता से सिर हिलाकर कहा, "अगर ये रोबो हम जाने दें, और मेरा खयाल है कि य मान जाएगे। इस मसौदे के बिना उनका अस्तित्व भी खतरे म होगा।"

डाक्टर पार्किन्ज के चेहरे पर खुशी और उम्मीद की लहरें दौडने लगी, बाला, "लगता है, सब ठीक हो जाएगा।'

एकाएक बादल तेजी से कमरे म दाखिल हुआ, वहशत भरे लहजे म जिससे गहरी निराशा टपकती थी, बोला ‹ उस सेफ मे फा

कागज नहीं मिले, फामूला गायब है ?"

"कैसे हो सकता है ?" राबिन हाममर और पाटिल दोनो एकदम बोल पडे, "इसी मजबूत सेफ मे हमेशा रहता था, हमेशा वहीं वापस रख लिया जाता था। कल खुद मैंने उसे देखा था तुम्हारे साथ याद है ?"

बादल ने हाथ मलते हुए कहा, "जरूर इन कम्बख्त रानोआ न उसे चुरा लिया है मुझे तो यह श्रीधर की कार्यवाही मालूम होती है।"

"नहीं।" सीमा भयभीत स्वर मे कहने लगी, "उसे मैंने सेफ म स निकाल लिया था।"

"तुमने ?" बादल आश्चर्य चकित होकर पूछने लगा।

"हा, मैंने उसे चुरा लिया था।"

'तुमने क्या किया उसका ?" पाटिल घबराकर बोला, "कहा रखा है उसे ?"

"आज सुबह उस फामूले की दोनो नकलें—एक असल, जो स्वर्ग डॉक्टर घोष के हाथ का लिखा हुआ था, दूसरा जो उसकी नकल था उन दोनो मसौदों को मैंने बिजली की अगीठी म जला दिया।"

"जला दिया ? ऐं ?" बादल निराशा से चिल्ला उठा, और अगी की ओर भागा। डाक्टर पार्किन्ज और रोबिन भी उस ओर तेज-तेज कर से गए।

बादल न जला हुआ एक टुकडा उठा लिया और पढने लगा हुए कागज पर लिखा था

'फायाविन का जलाने से "

कागज का जला हुआ पुजा बादल के हाथ म राख राख हो बादल की आखो म आसू आ गए।

"वही है क्या ?" शेख मकसूद ने धीरे से पूछा।

बादल ने सिर झुकाकर कहा, "हा।"

"हे भगवान !" पार्क्रिज का सारा शरीर कापने लगा।

"मुझे माफ कर दो।" सीमा बादल के पैरो पर गिर गई।

बादल बोला, "*अब सब खत्म है, इस जले हुए मसौदे के साथ इसान की आखिरी उम्मीद भी जल गई।*"

"मुझे माफ कर दो। ' सीमा रोते हुए बोली, "मुझे नही मालूम था मैं क्या कर रही हू। '

